RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष: 11 अंक: 84 | जयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, रविवार, 20 सितंबर 2026 | मूल्य: 4 रुपए | पृष्ठ: 08


## ब्रीफ न्यूज

### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हुए फूड पॉइजनिंग के शिकार, अब स्वस्थ



**नई दिल्ली, आरएनएन।** कर्नाटक दौरे पर गए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह फूड पॉइजनिंग का शिकार हो गए, हालांकि अब उनकी तबीयत बिल्कुल ठीक है। यह जानकारी वरिष्ठ बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने दी। प्रहलाद जोशी ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के कारण उल्टी होने से उन्हें थोड़ी कमजोरी आ गई थी, लेकिन अब वे परफेक्ट हैं। बता दें, अमित शाह को हुबली के गब्बूर में केएलई जगद्गुरु गंगाधर महास्वामीगलु मूरुसाविरमठ मेडिकल कॉलेज की नई एकेडमिक बिल्डिंग और 1,200 बेड वाले केएलई हॉस्पिटल और मेडिकल रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करना था, लेकिन वे दिन में हुए इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। हालांकि, स्थानीय नेताओं ने बताया कि दिल्ली के लिए एयरपोर्ट जाने से पहले शाम को उन्होंने कैंपस का दौरा किया।

### दीपिका और रणवीर सिंह दूसरी बार बने माता-पिता, घर आई नन्हीं परी



**मुंबई, आरएनएन।** बॉलीवुड के पावर कपल दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह के घर एक बार फिर किलकारी गूंजी है। शनिवार, 19 सितंबर को दीपिका पादुकोण ने अपनी दूसरी बेटी को जन्म दिया। कपल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट शेयर कर फैंस के साथ यह खुशखबरी साझा की। पोस्ट में नवजात शिशु के पैरों के निशान की तस्वीर के साथ वेलकम बेबी गर्ल लिखा है। बता दें कि डिलीवरी से ठीक एक दिन पहले दीपिका और रणवीर अपने परिवार के साथ मुंबई स्थित सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा के दर्शन करने पहुंचे थे। इसके अगले ही दिन गणेश उत्सव और राधा अष्टमी के पावन अवसर पर उनके घर दूसरी बेटी का आगमन हुआ। इससे पहले 8 सितंबर 2024 को कपल की पहली बेटी दुआ पादुकोण सिंह का जन्म हुआ था।

### सीएम विजय 28 सितंबर से शुरू करेंगे सोने की अंगूठी वाली योजना

**चेन्नई, आरएनएन।** तमिलनाडु सरकार ने नवजातों के लिए थाईमामन थंगा मोथिरा थिट्टम (मामा की सोने की अंगूठी योजना) शुरू करने की तारीख़ का एलान कर दिया है। मुख्यमंत्री सी जोसेफ़ विजय 28 सितंबर को इस योजना की शुरुआत करेंगे। योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों को एक ग्राम सोने की अंगूठी दी जाएगी। योजना के पहले चरण में वितरण के लिए 1.28 लाख सोने की अंगूठियां ख़रीदी गई हैं। सरकार ने बताया कि योजना के तहत 22 जून (मुख्यमंत्री का जन्मदिन) से 28 सितंबर तक सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले बच्चों को भी इसका लाभ दिया जाएगा।

### पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में शनिवार शाम आया 4.9 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी, आरएनएन।** पूर्वोत्तर के कई हिस्सों में शनिवार शाम 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप के झटके गुवाहाटी समेत आसपास के कई इलाकों में महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप शाम चार बजकर एक मिनट पर आया। इसका केंद्र भूटान के गेलफूजिंग से करीब तीन किलोमीटर दूर जमीन से पांच किलोमीटर की गहराई में था। अभी तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।

### आज से चालू हो जाएगा दिल्ली एयरपोर्ट का तीसरा रनवे


**नई दिल्ली, आरएनएन।** दिल्ली एयरपोर्ट का तीसरा रनवे जो बीते सात महीनों से मरम्मत के लिए बंद था, रविवार से फिर से चालू हो जाएगा। इस बारे में दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डीआईएएल) ने जानकारी दी और बताया कि इस रनवे की व्यापक मरम्मत का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और सभी जरूरी रेगुलेटरी मंजूरियां भी मिल गई हैं, जिसके बाद अब रनवे 11आर/29एल 20 सितंबर से चालू हो जाएगा। मरम्मत के काम से होने वाले फायदों की जानकारी देते हुए दिल्ली एयरपोर्ट ऑपरेटर एजेंसी ने कहा कि इन सुधारों से रनवे की दक्षता बढ़ने, एयरक्राफ्ट की आवाजाही बेहतर होने, रनवे पर रहने का समय कम होने और अलग-अलग मौसम की स्थितियों में ऑपरेशनल विश्वसनीयता और मजबूत होने की उम्मीद है।

### प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन और वैश्विक एलायंस को लेकर दिया बड़ा संदेश

# पीएम मोदी बोले- दुनिया से 6 गुना कम है भारत का कार्बन उत्सर्जन

## पुराने पर्यावरण विचारों को आधुनिक सोच के साथ जोड़कर आगे बढ़ रहा है आज का भारत

**● नई दिल्ली**



भारत का प्रति व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन आज भी ग्लोबल एवरेज के आधे से कम है और विकसित देशों की तुलना में करीब छह गुना कम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन से जुड़े एक कार्यक्रम में भारत के पर्यावरण प्रयासों और उपलब्धियों का जिक्र करते हुए यह बात कही।

उन्होंने कहा कि भारत इन आंकड़ों को मजबूती से वैश्विक मंचों पर रखता है और दुनिया के साथ मिलकर पर्यावरण सुरक्षा के नए मानक बनाने की दिशा में काम कर रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि वन वर्ल्ड, वन ग्रिड, इंटरनेशनल सोलर एलायंस, ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस, इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस और मिशन लाइफ जैसे मंच भारत की पर्यावरण प्रतिबद्धता को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज का भारत अपने पुराने पर्यावरण विचारों को आधुनिक सोच के साथ जोड़कर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 सालों में पर्यावरण से जुड़े लगभग हर क्षेत्र में भारत ने बड़ी प्रगति की है। उन्होंने खास तौर पर रिन्यूएबल एनर्जी का जिक्र किया। पीएम मोदी के मुताबिक भारत जी20 में एक ऐसा देश है जिसने पेरिस में कॉप21 के दौरान किए गए अपने सभी कमिटमेंट समय से पहले पूरे किए हैं। उन्होंने कहा कि नॉन फॉसिल फ्यूल, सोलर एनर्जी क्षमता और कार्बन उत्सर्जन कम करने के क्षेत्र में भारत के प्रदर्शन की चर्चा दुनिया में हो रही है।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना और कुसुम योजना का किया जिक्र

पीएम मोदी ने बताया कि 12 साल पहले भारत की सोलर एनर्जी क्षमता करीब 2 गीगावॉट थी, जो अब 160 गीगावॉट से ज्यादा हो चुकी है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 50 लाख से ज्यादा घरों में रूफटॉप सोलर पैनल लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इसके लिए हर घर को करीब 80 हजार रुपये तक की आर्थिक मदद दी है। कुसुम योजना के तहत 30 लाख किसानों के खेतों में सोलर पंप लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि वन नेशन, वन ग्रिड का प्रोजेक्ट भी पूरा किया गया है। करोड़ों एलईडी बल्ब घरों तक पहुंचाए गए हैं। पीएम मोदी के मुताबिक अकेले सोलर एनर्जी से भारत में करीब 20 करोड़ टन कार्बन उत्सर्जन रोकने में सफलता मिली है।

### कुछ दिन पहले भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन चली

क्लीन एनर्जी के दूसरे क्षेत्रों का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश की विंड एनर्जी क्षमता तीन गुना बढ़ी है। हाइड्रो एनर्जी क्षमता में भी बढ़ोतरी हुई है और न्यूक्लियर एनर्जी पर तेजी से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सेक्टर में निजी कंपनियों को भी लाने का रास्ता बनाया गया है। उनके मुताबिक इन प्रयासों से भारत की नॉन फॉसिल एनर्जी क्षमता करीब चार गुना बढ़ी है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत कोयले के ज्यादा साफ इस्तेमाल के लिए कोल गैसिफिकेशन जैसी तकनीक को बढ़ावा दे रहा है। साथ ही क्लीन मोबिलिटी और ग्रीन हाइड्रोजन पर काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन चली और यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन है।

**भारत के पास 1000 किलोमीटर से ज्यादा का मेट्रो नेटवर्क :** पीएम मोदी ने कहा कि 2014 तक पांच शहरों में करीब 250 किलोमीटर से कम मेट्रो नेटवर्क था, जबकि अब 20 से ज्यादा शहरों में मेट्रो चल रही है और भारत के पास 1000 किलोमीटर से ज्यादा का मेट्रो नेटवर्क है। रेलवे के लगभग 100 प्रतिशत इलेक्ट्रिफिकेशन से भी डीजल की खपत बची है।

### पर्यावरण से जुड़े मुद्दों की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती : सीजेआई सूर्यकांत



**नई दिल्ली, आरएनएन।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि अदालतों के समक्ष अब सवाल संरक्षण बनाम विकास का नहीं है, बल्कि यह है कि दोनों के बीच तालमेल कैसे बिठाया जाए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और विकास के बीच संतुलन बनाने पर जोर दिया और इसे न्याय की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। सीजेआई सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि अदालतों के समक्ष अब सवाल संरक्षण बनाम विकास का नहीं है, बल्कि यह है कि दोनों के बीच तालमेल कैसे बिठाया जाए। सीजेआई ने सुप्रीम कोर्ट के पर्यावरण से जुड़े कानूनी फैसलों के चार दशकों के सफर का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण का कोई एक ही संवैधानिक रास्ता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण से जुड़े मुद्दों की कोई भौगोलिक सीमा नहीं होती। इसलिए, यह बहुत जरूरी है कि इन मुद्दों को लेकर चिंतित सभी लोग अक्सर मिलें और इन अहम मुद्दों पर चर्चा करें।

**अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन :** नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) द्वारा आयोजित पर्यावरण और जलवायु गतिशीलता का भविष्य विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए सीजेआई सूर्यकांत ने सुप्रीम कोर्ट को पर्यावरण न्याय का वट वृक्ष (बरगद का पेड़) बताया। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों को फैसलों में कॉपी-पेस्ट के प्रति आगाह किया। उन्होंने कहा कि हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण-केंद्रित आनुपातिकता का विचार पेश किया है। इसके तहत यह माना गया है कि पर्यावरण संरक्षण सख्त तो होना ही चाहिए, साथ ही इतना समझदारी भरा भी होना चाहिए कि वह दुनिया की मौजूदा हकीकत के साथ तालमेल बिठा सके। सीजेआई सूर्यकांत ने अपने संबोधन में कहा कि इस सोच ने एक बड़ा बदलाव लाया है।

### दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ चुनाव

# ABVP का चला जादू NSUI का सूपड़ा साफ

## एबीवीपी का अध्यक्ष समेत 3 पदों पर कब्जा, उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय दीपांशु शौकीन की ऐतिहासिक जीत



**● नई दिल्ली / आरएनएन**

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डीयूएसयू) चुनाव 2026 के शनिवार को आए नतीजों में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने अपना परचम लहराते हुए चार में से तीन मुख्य पदों पर शानदार जीत दर्ज की है। एबीवीपी ने अध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव पदों पर कब्जा जमाया, जबकि उपाध्यक्ष पद पर एनएसयूआई के बागी व निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने एकतरफा जीत हासिल कर सभी को चौंका दिया। कांग्रेस समर्थित छात्र संगठन एनएसयूआई का इस चुनाव में खाता भी नहीं खुल सका।

### किसे कितने वोट मिले

**अध्यक्ष:** एबीवीपी के यश डबास ने 24,576 वोट हासिल कर जीत दर्ज की। उन्होंने एनएसयूआई के विजय शंकर मीणा को हराया, जिन्हें 22,523 वोट मिले।

**उपाध्यक्ष:** निर्दलीय दीपांशु शौकीन ने 30,615 वोट के साथ जीत दर्ज की। उन्होंने अरण्य सिंह राठौर (22,744 वोट) और एबीवीपी की इशू मौर्या 16,910 वोट) को पीछे छोड़ा।

**सचिव:** एबीवीपी की रिया छावड़ी 21,650 वोटों के साथ विजयी रहीं। उन्होंने एनएसयूआई की नम्रता चौधरी (14,869 वोट) को पछाड़ा।

**संयुक्त सचिव:** एबीवीपी के लक्ष्यराज सिंह ने 16,615 वोट से जीत दर्ज की। एससीएस के विशेष यादव को 15,778 और एनएसयूआई के गोपाल चौधरी को 15,206 वोट मिले।

### अमित शाह और बीजेपी नेताओं ने दी बधाई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं को बधाई दी। बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि देश के युवाओं ने पीएम मोदी की विकास नीतियों और राष्ट्रवादी विचारधारा को चुना है तथा कांग्रेस को पूरी तरह खारिज कर दिया है। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित और अध्यक्ष पद प्रत्याशी विजय शंकर मीणा ने मतदान व मतगणना में धांधली तथा फर्जी वोटिंग का आरोप लगाया। मीणा ने कहा कि छात्रों से जबरन वोट डलवाए गए और वे इस मामले को अदालत में ले जाएंगे।

# दमोह: पत्नी और 3 बच्चों की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

## चरित्र संदेह में पति ने वारदात को दिया अंजाम

**● दमोह, आरएनएन**



मध्य प्रदेश के दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत कबीरपुर गांव में शुक्रवार तड़के एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शराब के आदी द्वारका पटेल (28 वर्ष) नाम के सिरफिरे युवक ने घरेलू कलह के चलते सोते समय अपनी पत्नी और तीन मासूम बच्चों की कुल्हाड़ी से काटकर निर्मम हत्या कर दी।

शनिवार सुबह ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को वारदात स्थल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस जब मौके पर पहुंची तो घर के एक ही चबूतरे पर मां और उसके तीन बच्चों के खून से लथपथ शव पड़े थे।

मृतकों की पहचान पत्नी खेमा पटेल, पुत्री उर्मिला पटेल (7 वर्ष), पुत्र उमेश (4 वर्ष) और एक वर्षीय पुत्र राजा के रूप में हुई है। घटना के समय सभी सो रहे थे। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी खून से सनी कुल्हाड़ी लेकर घर के दरवाजे पर बैठा रहा।

### एक साल से चल रहा था विवाद

**दमोह** के पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी ने पुलिस बल और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि पति-पत्नी के बीच बीते एक साल से विवाद चल रहा था और करीब छह माह पहले पत्नी ने धारा 498 के तहत प्रताडऩा का केस भी दर्ज कराया था। मृतका के पिता ने बताया कि बेटी काफी समय मायके में रहने के बाद हाल ही में कबीरपुर आई थी। घटना से दो दिन पहले भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था, जिसे सुलझाने मायके वाले पहुंचे थे। मध्यस्थता के बाद मायके वालों के लौटने पर आरोपी ने शुक्रवार तड़के करीब 4.30 बजे इस वारदात को अंजाम दे दिया। प्राथमिक जांच में हत्या की वजह घरेलू कलह और चरित्र पर संदेह बताई जा रही है। पुलिस ने आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### कैंसर के खिलाफ लड़ाई में मरीज को यह भरोसा दिलाना जरूरी कि वह अकेला नहीं: सीएम साय



**रायपुर, 19 सितंबर।** कैंसर के विरुद्ध लड़ाई केवल बीमारी के उपचार तक सीमित नहीं है। मरीज को आधुनिक और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने के साथ उसका मनोबल बनाए रखना तथा उसे यह विश्वास दिलाना भी उतना ही आवश्यक है कि इस कठिन लड़ाई में वह अकेला नहीं है। चिकित्सकों का संवेदनशील व्यवहार और परिवार एवं समाज का भावनात्मक सहयोग मरीज के भीतर बीमारी से लड़ने का हौसला बढ़ाता है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मेफेयर में बालको मेडिकल सेंटर द्वारा आयोजित चौथे बीएमसी छत्तीसगढ़ कैंसर कॉन्क्लेव-2026 के शुभारंभ अवसर पर संबोधित करते हुए यह बात कही।

# आईआईटी बॉम्बे में 7 महीने में 3 मौतें

## भड़का छात्रों का गुस्सा, एक्शन और जवाबदेही की मांग

**● मुंबई**



अकादमिक उत्कृष्टता और देश के शीर्ष शैक्षणिक संस्थानों में शुमार आईआईटी बॉम्बे में एक और होनहार छात्र की खुदकुशी के बाद बवाल खड़ा हो गया है। सेमेस्टर परीक्षा के दौरान मोबाइल पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म चाट जीपीटी से जवाब खोजते पकड़े गए दूसरे ईयर के छात्र साहिल वाकोड़े ने अपने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी।

बीते सात महीनों के भीतर आईआईटी बॉम्बे के पवई कैंपस में छात्र द्वारा आत्महत्या का यह तीसरा मामला है। इस घटना से आक्रोशित 400 से अधिक छात्र सड़कों पर उतर आए हैं और संस्थान के प्रशासन के खिलाफ पारदर्शिता व जवाबदेही की मांग को लेकर कैंपस के भीतर ही जोरदार विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं। पुलिस और संस्थान से मिली जानकारी के अनुसार, द्वितीय वर्ष के छात्र साहिल वाकोड़े को कल शाम परीक्षा के दौरान मोबाइल फोन से अपने क्वेश्चन पेपर की तस्वीर खींचे जाने और उसे उत्तर पाने के लिए चाट जीपीटी पर अपलोड करते हुए पकड़ा गया था। आईआईटी बॉम्बे ने अपने आधिकारिक बयान में दावा किया है कि छात्र के खिलाफ कोई औपचारिक अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने गिनाईं 5 बुराइयां

**● नई दिल्ली**



### शराबबंदी से जुड़ा मामला

शराबबंदी के असर पर सवाल उठाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने इससे जुड़ी पांच प्रमुख बुराइयां गिनाई हैं। कोर्ट ने कहा कि शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने से राजस्व का नुकसान, प्रतिबंध लागू कराने पर खर्च, पुलिस में भ्रष्टाचार, अवैध शराब बनाने और नशीली दवाओं से जुड़ी समस्या जैसे खतरे पैदा हो सकते हैं। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने यह टिप्पणी महाराष्ट्र पॉइजन्स रूल्स के नियम 18ए और 18बी को रद्द करते हुए की। इन नियमों के तहत मेथनॉल की खरीद को नियंत्रित किया गया था और गैर-दवा निर्माताओं को इसकी बिक्री से पहले उसमें कड़वा पदार्थ और रंग मिलाना अनिवार्य किया गया था। पीठ ने गुजरात और दूसरे राज्यों में जहरीली शराब से हुई घटनाओं का भी जिक्र किया।

गुजरात और मप्र का किया जिक्र- कोर्ट ने कहा कि हाल में गुजरात के भावनगर और मध्यप्रदेश के सागर में हुई जहरीली शराब की घटनाएं अधिकारियों के लिए चेतावनी हैं। इन दोनों घटनाओं में क्रमशः 13 और 15 लोगों की जान गई थी। पीठ ने कहा कि इतिहास बताता है कि पूरी तरह शराबबंदी कई बार शराब के कारोबार को भूमिगत कर देती है। इससे बिना नियमन वाली और जानलेवा शराब के चलन का खतरा बढ़ जाता है।

# झीरम कांड...फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएगा सर्व आदिवासी-समाज

**जगदलपुर, 19 सितंबर।** झीरम घाटी मामले में एनआईए कोर्ट के फैसले के बाद सर्व आदिवासी समाज ने मामले को हाईकोर्ट ले जाने का निर्णय लिया है। शुक्रवार को कोया भवन में बस्तर संभाग के 6 जिले दंतेवाड़ा, बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा, नारायणपुर और कोंडागांव जिले के समाज के पदाधिकारियों की बैठक हुई।

इसमें फैसले पर चर्चा के साथ मामले में सजा पाए दोषियों के खिलाफ आगे कानूनी लड़ाई जारी रखने की रणनीति तय की गई। आदिवासी समाज के हर परिवार से 20-20 रुपए चंदा लेगी। इससे जुटने वाली राशि का इस्तेमाल हाईकोर्ट में मामले की पैरवी और उससे जुड़ी कानूनी प्रक्रिया में किया जाएगा। सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर ने दैनिक भास्कर से बातचीत में बताया कि, बैठक में 6 जिलों से समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने झीरम मामले में एनआईए कोर्ट के फैसले पर चर्चा की। बैठक में तय किया गया कि जिन 10 दोषियों को सजा सुनाई गई है, उस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी जाएगी। समाज की ओर से कानूनी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक दस्तावेज और अन्य पहलुओं पर भी काम किया जाएगा। प्रकाश ठाकुर ने कहा कि इस कानूनी लड़ाई के लिए समाज के स्तर पर आर्थिक सहयोग जुटाया जाएगा। समाज ने बैठक में झीरम घाटी कांड की पूरी साजिश और इसमें शामिल लोगों की भूमिका की दोबारा जांच की मांग भी उठाई। पदाधिकारियों का कहना है कि मामले में जिन लोगों की भूमिका संदिग्ध रही है, उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इसके साथ ही सरेंडर कर चुके नक्सलियों की भूमिका की भी दोबारा जांच किए जाने की मांग की गई। इस बैठक में समाज ने पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पण कर चुके नक्सलियों को मिल रहे लाभ की समीक्षा की मांग की।

# डोटासरा इस्तीफा दें'- कांग्रेस नेता पालीवाल ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने किया यज्ञ

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शनिवार को कांग्रेस के भीतर चल रहा असंतोष खुलकर सामने आया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल ने कार्यालय में महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष यज्ञ कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को सद्बुद्धि देने की प्रार्थना की। पालीवाल ने डोटासरा से प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने की मांग भी की। पालीवाल ने आरोप लगाया कि भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव में कांग्रेस के 17 प्रत्याशियों को समय पर पार्टी का अधिकृत चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया। इस मामले को लेकर वे पहले भी प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठा चुके हैं और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन



खरगे को पत्र लिखकर जांच की मांग कर चुके हैं।

**'महापौर चुनाव में भी कांग्रेस ने मैदान छोड़ दिया**

पालीवाल ने कहा कि भीलवाड़ा नगर निगम में कांग्रेस को महापौर पद के चुनाव में अपना प्रत्याशी तक नहीं उतारना पड़ा। उनके अनुसार प्रदेश नेतृत्व ने महापौर चुनाव के लिए भी पार्टी का सिंबल उपलब्ध नहीं कराया। उन्होंने कहा कि चुनावी मैदान में उतरने से पहले ही मैदान छोड़ देना कार्यकर्ताओं के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी 17 कांग्रेस प्रत्याशियों को सिंबल नहीं दिला सके, जिसका असर निकाय चुनाव के परिणामों पर पड़ा। उपलब्ध चुनाव परिणामों के अनुसार भीलवाड़ा नगर निगम की 70 सीटों में भाजपा ने 45, निर्दलीयों ने 15 और कांग्रेस ने 10 सीटें जीतीं। पालीवाल ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं ने चुनाव लड़ने के लिए मेहनत की, लेकिन संगठनात्मक स्तर पर हुई चूक से उनका मनोबल प्रभावित हुआ। उन्होंने चेताया कि यदि प्रदेश नेतृत्व ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं और संगठनात्मक व्यवस्थाओं पर ध्यान नहीं दिया तो आगामी पंचायती राज चुनावों में भी कार्यकर्ताओं को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**'भगवान से प्रार्थना, स्वयं विवेक से इस्तीफा दें**

पालीवाल ने कहा कि कांग्रेस की परंपरा किसी को पद से हटाने की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने की रही है। इसलिए उन्होंने यज्ञ के माध्यम से ईश्वर से प्रार्थना की है कि प्रदेश अध्यक्ष को सद्बुद्धि मिले और वे स्वयं अपने विवेक से पद से इस्तीफा दें। उन्होंने कहा कि यज्ञ का उद्देश्य किसी व्यक्ति का अपमान करना नहीं, बल्कि प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व को कार्यकर्ताओं की पीड़ा समझाने का प्रयास है। उन्होंने आगामी पंचायत राज चुनावों में संगठन को मजबूती से काम करने और कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा की आवश्यकता बताई।

**'सच बोलने की कीमत चुकानी पड़े तो भी पीछे नहीं हटूंगा**

पालीवाल ने कहा कि पार्टी में सच बोलने की वजह से उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया जाता है तो भी वे कार्यकर्ताओं की आवाज उठाते रहेंगे। उन्होंने कहा, 'हो सकता है मुझे पार्टी से बाहर कर दिया जाए, गोली मार दी जाए या ट्रक से कुचल दिया जाए, लेकिन मैं कार्यकर्ताओं की आवाज बुलंद करता रहूंगा। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा नगर निगम चुनाव में 17 प्रत्याशियों के सिंबल और बाद में महापौर चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी नहीं उतार पाने के घटनाक्रम से जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में निराशा है। इसी के विरोध में सद्बुद्धि यज्ञ किया गया है। गौरतलब है कि 17 कांग्रेस प्रत्याशियों के अथॉरिटी लेटर नहीं पहुंचने का विवाद सितंबर की शुरुआत में ही सामने आया था। इस मामले में पालीवाल ने प्रदेश नेतृत्व पर सवाल उठाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे से जांच और कार्रवाई की मांग की थी। हालांकि, सिंबल नहीं पहुंचने के कारणों और जिम्मेदारी को लेकर अंतिम निष्कर्ष किसी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा।

## अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के चुनाव 20 को

### पांच अंचलों में पश्चिमांचल के चुनाव भीलवाड़ा में

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा** 3 वर्ष में होने वाले अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के चुनाव 20 सितंबर,रविवार को प्रातः 9:30 बजे से दोपहर 3 बजे तक आनंदम भवन ,राम धाम के पीछे, आजाद नगर,भीलवाड़ा में आयोजित होंगे चुनाव अधिकारी राधेश्याम सोमानी भीलवाड़ा,सीताराम राठी जोधपुर के अनुसार पांच अंचलों में से पश्चिमांचल क्षेत्र के 283 मत भीलवाड़ा के आनंदम भवन में डाले जाएंगे चुनाव संयोजक राधेश्याम चेचानी ने बताया कि माहेश्वरी समाज की राष्ट्रीय स्तर की सबसे बड़ी संस्था महासभा के चुनाव 20 सितंबर रविवार को पांच अंचलों में एक साथ आयोजित किए जाएंगे पश्चिमांचल के भीलवाड़ा में, पूर्वांचल के कोलकाता में, उत्तरांचल के मथुरा में, दक्षिणांचल के संभाजी नगर, में एवं मध्यांचल के सूरत में एक साथ चुनाव कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें देश भर के विभिन्न राज्यों के 1058 महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पदाधिकारी चुनाव हेतु मतदान कर सकेंगे । चुनाव के बाद रविवार शाम तक चुनाव के नतीजे भी आ जाएंगे । महासभा के चार प्रमुख पदों सभापति, महामंत्री, अर्थ मंत्री व संगठन मंत्री एवं पांच अंचलों के उपसभापति एवं पांच अंचलों के संयुक्त मंत्री के पदो को मिलाकर 14 पदों के चुनाव कराए जा रहे हैं।

## कोटड़ी में 1151 किलो शक्कर से बने छप्पनभोग की आरती, 25 मंदिरों के भगवान को अर्पित हुआ भोग



स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** मेवाड़ के ऐतिहासिक धाम श्री चारभुजानाथ मंदिर में चल रहे जलझूलन महोत्सव के तहत शनिवार को राधा अष्ठमी के अवसर पर भक्तो के सहयोग से विशाल छप्पनभोग का आयोजन हुआ। 1151 किलो शक्कर से तैयार किए गए विभिन्न व्यंजनों से सजे छप्पनभोग
को भगवान श्री चारभुजानाथ के चरणों में अर्पित किया गया। विशाल छप्पनभोग के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर पहुंचे। छप्पनभोग में विभिन्न प्रकार की मिठाइयों, पकवानों एवं व्यंजनों के साथ फल-सब्जियों से विशेष भोग सजाया गया। भोग को आकर्षक ढंग से सजाकर भगवान के समक्ष अर्पित किया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। पंचमुखी दरबार से परमेश्वरदास जी महाराज, सच्चिदानंद जी महाराज, अजरामदास जी महाराज तथा कोटड़ी नृसिंहद्वारा के जयरामदास जी महाराज, कोटड़ी श्याम के मुख्य पुजारी सत्यनारायण पारासर तथा भगत गुजराती ने छप्पनभोग की विधिवत आरती की। संतों के सान्निध्य में हुई आरती के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान के जयकारे लगाए और धार्मिक वातावरण भक्तिमय हो गया। आयोजकों के अनुसार इस बार विशेष रूप से 25 मंदिरों के भगवान को एक साथ छप्पनभोग अर्पित किया गया। चारभुजानाथ मंदिर परिसर में सजे विशाल छप्पनभोग ने श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित किया। छप्पनभोग का जिला पुलिस अधीक्षक, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री महेश शर्मा, अध्यक्ष संजीव शर्मा, जयपुर माहेश्वरी समाज के सदस्यो ने भी भोग के दर्शन किये। आरती के बाद श्रद्धालुओं को खीर प्रसाद वितरित किया गया। छप्पनभोग के प्रसाद के पैकेट बनना शुरू हो गया जिसे जलझुलन महोत्सव में 22 सितम्बर को आने वाले भक्तो को पैकेट वितरित होंगे। जलझूलन महोत्सव के तहत आगामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर भी श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है। मंदिर ट्रस्ट एवं प्रशासन की ओर से दर्शनार्थियों की सुविधा और व्यवस्थाओं के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं।

## आसींद में उम्मेद सिंह राठौड़ की रणनीति से हुआ मजबूत भाजपा संगठन, प्रदेश अध्यक्ष ने थपथपाई पीठ





### निर्दलीय नामांकन वापसी और चार पार्षदों के भाजपा में शामिल होने के बाद प्रभारी उम्मेद सिंह राठौड़ का प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने किया सम्मानित

स्मार्ट हलचल

**जयपुर/भीलवाड़ा।** । जिले के आसींद नगरपालिका के निवर्तमान चेयरमैन देवी लाल साहू के निर्दलीय नामांकन वापस लेने और उनके साथ चार निर्दलीय पार्षदों के भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करने के बाद पार्टी संगठन में उत्साह का माहौल है। इस राजनीतिक घटनाक्रम के बाद भाजपा के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आसींद प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता उम्मेद सिंह राठौड़ को उनकी संगठनात्मक भूमिका और रणनीतिक प्रयासों के लिए सम्मानित किया। पार्टी की ओर से बताया गया कि आसींद में हुए इस घटनाक्रम में प्रभारी उम्मेद सिंह राठौड़ की भूमिका महत्वपूर्ण रही। उनके नेतृत्व में किए गए संगठनात्मक प्रयासों के बाद देवी लाल साहू ने अपना निर्दलीय नामांकन वापस लिया तथा चार निर्दलीय पार्षद भाजपा की प्राथमिक सदस्यता में शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने उम्मेद सिंह राठौड़ का सम्मान करते हुए संगठन के प्रति उनकी सक्रियता और प्रयासों की सराहना की। इस दौरान पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भी संगठन की गतिविधियों को लेकर उत्साह जताया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस घटनाक्रम को आसींद क्षेत्र में पार्टी संगठन के विस्तार से जोड़कर देखा। कार्यकर्ताओं का कहना था कि निकाय चुनाव के दौरान संगठन को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर पर समन्वय और सक्रियता महत्वपूर्ण रहेगी। इस अवसर पर पार्टी से जुड़े पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान आगामी निकाय चुनाव को लेकर संगठनात्मक गतिविधियों और कार्यकर्ताओं की भूमिका पर भी चर्चा हुई।

## जहाजपुर की सियासत में फिर बड़ा उलटफेर : कांग्रेस प्रत्याशी रामसिंह मीणा भाजपा में शामिल...

### भाजपा सरकार और विधायक गोपीचंद मीणा के विकास कार्यों से प्रभावित होकर लिया फैसला, बोले-जहाजपुर और बारापाल में भाजपा को करेंगे मजबूत

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक जहाजपुर।** नगर पालिका चुनाव के बाद अध्यक्ष पद को लेकर चल रहे सियासी घटनाक्रम के बीच जहाजपुर की राजनीति में शनिवार को एक और नया मोड़ आ गया। वार्ड 25 से कांग्रेस प्रत्याशी रहे रामसिंह मीणा ने भाजपा का दामन थाम लिया। रामसिंह मीणा ने भाजपा सरकार और विधायक गोपीचंद मीणा के विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में शामिल होने की बात कही।

**विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा में आए**

भाजपा में शामिल होने के बाद रामसिंह मीणा ने कहा कि भाजपा सरकार और विधायक गोपीचंद मीणा की ओर से क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों से वे प्रभावित हैं। उन्होंने कहा कि अब



सभी मिलकर जहाजपुर और बारापाल क्षेत्र में भाजपा को मजबूत करने का काम करेंगे।

**अध्यक्ष पद के समीकरणों के बीच भाजपा को मिली मजबूती**

जहाजपुर नगर पालिका चुनाव में भाजपा के 15 पार्षद, कांग्रेस के 3 और निर्दलीय 7 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। अध्यक्ष पद के लिए भाजपा ने अल्केश पवन वैष्णव को प्रत्याशी बनाया है। मौजूदा राजनीतिक समीकरणों में अल्केश पवन वैष्णव का अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी रहे रामसिंह मीणा का भाजपा में शामिल होना चुनाव के बाद चल रहे सियासी घटनाक्रम में एक और अहम कड़ी माना जा रहा है।

**चुनाव के बाद भी थम नहीं रही सियासी हलचल**

नगर पालिका चुनाव के नतीजे आने के बाद जहाजपुर में राजनीतिक गतिविधियां लगातार जारी हैं। अध्यक्ष पद के चुनाव से पहले एक के बाद एक बदलते समीकरणों के बीच अब रामसिंह मीणा के भाजपा में शामिल होने से सियासी चर्चाएं और तेज हो गई हैं। रामसिंह मीणा ने भाजपा में शामिल होने के साथ ही जहाजपुर और बारापाल में पार्टी को मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने की बात कही है। अब देखना होगा कि अध्यक्ष पद के चुनाव तक जहाजपुर की राजनीति में और कितने नए मोड़ सामने आते हैं।

## जहाजपुर में सड़क विकास को मिली रफ्तार, 11.51 करोड़ से 18 नए सड़क कार्यों की राह साफ

### *विधायक गोपीचंद मीणा के प्रयासों से PWD की 2026-27 की सूची में शामिल हुए कार्य, 16.45 किमी नई सड़क कनेक्टिविटी से गांव-ढाणियों को मिलेगा फायदा*

स्मार्ट हलचल

**जहाजपुर अलकेश पारीक** जहाजपुर। क्षेत्र में सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने की दिशा में बड़ी तस्वीर सामने आई है। PWD शाहपुरा डिवीजन की 2026-27 की न्यू पाथवे एवं मिसिंग लिंक योजना में जहाजपुर क्षेत्र के 18 सड़क कार्य शामिल किए गए हैं। इन कार्यों की कुल लंबाई करीब 16.45 किलोमीटर है, जबकि इनके लिए करीब 11.51 करोड़ रुपए की राशि निर्धारित की गई है।

**गांव-ढाणियों तक पहुंचेगी सड़क सुविधा**

योजना में अलग-अलग स्थानों पर नई सड़क और मिसिंग लिंक के कार्य शामिल हैं। इनके पूरा होने से मुख्य मार्गों से जुड़े क्षेत्रों के साथ-साथ गांवों और ढाणियों में आवागमन की सुविधा बेहतर होने की उम्मीद है।

**विधायक के प्रयासों को दिया जा रहा श्रेय**

क्षेत्र में सड़क विकास को लेकर विधायक गोपीचंद मीणा की ओर से लगातार पैरवी किए जाने के बाद इन कार्यों को योजना में शामिल किया गया है। सड़क निर्माण के ये कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के साथ-साथ किसानों और आमजन के लिए भी महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं।

**फरवरी 2027 तक कई कार्यों का लक्ष्य**

PWD के दस्तावेज में कई कार्यों के लिए 29 सितंबर 2026 से 15 फरवरी 2027 तक की समय-सीमा दर्ज है। अब इन कार्यों के धरातल पर शुरू होने और निर्धारित समय में गुणवत्ता के साथ पूरा होने पर क्षेत्रवासियों की नजर रहेगी।

**एक नजर में**


18 सड़क निर्माण कार्य
16.45 किमी कुल प्रस्तावित लंबाई
11.51 करोड़ की कुल राशि
206-27 योजना वर्ष
PWD शाहपुरा डिवीजन

## देवली-उनियारा में दो स्कूलों की बनेंगी नई बिल्डिंग, 2.95 करोड़ रुपए मंजूर,

### विधायक राजेंद्र गुर्जर की अनुशंसा पर बजट स्वीकृति-जर्जर भवनों की जगह होगा नया निर्माण

स्मार्ट हलचल

**टोंक।** देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र के दो राजकीय विद्यालयों में अब नई बिल्डिंग का निर्माण होगा। इसके लिए नाबार्ड योजना के तहत कुल 2 करोड़ 95 लाख रुपए की वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है। इस संबंध में शिक्षा विभाग की राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, समग्र शिक्षा डॉ. रश्मि शर्मा ने आदेश जारी किए हैं। विधायक राजेंद्र गुर्जर की अनुशंसा पर स्वीकृत इन विद्यालयों में जल्द ही भवन निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है। विधायक राजेंद्र गुर्जर ने स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का आभार जताया है। स्वीकृति के अनुसार देवली उपखंड क्षेत्र के महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, राजमहल में नई बिल्डिंग के निर्माण के लिए 2 करोड़ 54 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। वहीं उनियारा उपखंड क्षेत्र के राजकीय प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुरा बैरवा में भवन निर्माण के लिए 41 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। दोनों विद्यालयों में नाबार्ड योजना के तहत भवन निर्माण कराया जाएगा। विभागीय प्रक्रिया के तहत टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा। जानकारी अनुसार बताया गया कि दोनों विद्यालयों के पुराने भवन जर्जर स्थिति में होने के कारण विभाग द्वारा उन्हें नकारा घोषित किया गया था तथा जर्जर भवनों को ध्वस्त कर दिया गया था। अब नए भवन बनने के बाद विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बेहतर एवं सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण के साथ आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।




*150 वी समुत्कर्ष विचार गोष्ठी*

## रामदेवजी और तेजाजी सामाजिक चेतना के आधार स्तंभ थे : समुत्कर्ष गोष्ठी

स्मार्ट हलचल

उदयपुर राष्ट्रवाद और वैचारिक चेतना को समर्पित अग्रणी संस्था 'समुत्कर्ष समिति' की 'रामदेवजी और तेजाजी : राजस्थान की लोकआस्था और सामाजिक चेतना के लोकनायक' विषयक 150 वीं विचार गोष्ठी आज सम्पन्न हुई। गोष्ठी के संयोजक हरिदत्त शर्मा ने बताया कि गोष्ठी में वक्ताओं ने बाबा रामदेवजी एवं वीर तेजाजी को राजस्थान की लोकआस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और चेतना का महान स्तंभ बताया साथ ही इन लोकनायकों द्वारा समाज से छुआछूत, ऊंच-नीच के भेदभाव और अंधविश्वासों को समाप्त कर सर्वधर्म समभाव के संदेशों को उद्धृत किया गया। उन्होंने बताया कि वक्ताओं के अनुसार इन दोनों लोकनायकों का जीवन पथ भक्ति, कर्तव्यनिष्ठा, मानव सेवा और सामाजिक क्रांति का एक अनुपम मार्गदर्शक है। समुत्कर्ष समिति के अध्यक्ष संजय कोठारी एवं सचिव विनोद चपलोत ने जानकारी देते हुए बताया कि गोष्ठी में वक्ताओं का अभिमत था कि रामदेवजी और तेजाजी का जीवन संदेश भक्ति के साथ-साथ मानव सेवा, नीति, जीव-दया और सामाजिक क्रांति का अनुपम मार्गदर्शक है।



इन लोकनायकों की शिक्षाएं मध्यकाल की भांति आज के आधुनिक दौर में भी उतनी ही व्यावहारिक और प्रासंगिक हैं। शिक्षाविद् पीयूष दशोरा ने कहा कि बाबा रामदेवजी ने 'जम्मा जागरण' और अपनी रचना 'चौबीस प्रमाणियां' द्वारा समाज से छुआछूत मिटाकर समरसता की नींव रखी वहीं वीर तेजाजी का जीवन लाछां गूंजरी की गायों की रक्षा हेतु बलिदान, सत्य और सर्वोच्च वचनबद्धता का अमिट उदाहरण है। एक सर्प को दिए गए अपने वचन को निभाने के लिए मृत्यु के मुख में जाना उनकी अद्वितीय सत्यनिष्ठा को दर्शाता है। वचार गोष्ठी के शुभारम्भ में मंगलाचरण का पाठ आर्य सत्यप्रिय ने किया वही डॉ.गोविन्द सिंह शक्तावत, विद्यासागर, डॉ अनिल दशोरा, संजय लूणावत एवं रश्मि मेहता ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम के साहित्यिक सत्र में गरिमा खंडेलवाल ने ओजस्वी एवं भावपूर्ण काव्य पाठ कर लोकनायकों की महिमा का बखान किया द्य समुत्कर्ष पत्रिका के उप संपादक गोविन्द शर्मा द्वारा ने ऑनलाइन जुड़े सभी संभागियों एवं वक्ताओं का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि गोष्ठी का यह विमर्श समाज को एक नई वैचारिक दिशा देगा। समुत्कर्ष विचार गोष्ठी का संचालन शिवशंकर खण्डेलवाल ने किया । इस विचार गोष्ठी में कविता शर्मा, अवनीश तिवारी, अरविंद सिंह सिसोदिया, मुकेश जैन, चैनशंकर दशोरा, गिरीश चौबीसा , रामेश्वर प्रसाद शर्मा, दिनेश बंसल, सुदर्शना भट्ट, डॉ जगदीश कुमावत, नर्बदा देवी तथा तरुण शर्मा सम्मिलित हुए।

## स्वदेशी का भाव जगा कर राष्ट्र को उन्नति के पथ पर ले जाएं



(गंगापुर में दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन का हुआ समापन)

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** शिक्षक प्रत्येक छात्र के मन में स्वदेशी के भाव जगा कर राष्ट्र को उन्नति के पथ पर आगे ले जाए। जब तक स्वदेश में निर्मित वस्तुओं का उपयोग नहीं करेंगे तब तक हर राष्ट्र मजबूत नहीं बन सकता है उक्त विचार अखिल भारतीय जनसंख्या लाभांश प्रमुख स्वदेशी जागरण मंच के प्रभारी डॉक्टर राजकुमार चतुर्वेदी ने पीएमसी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गंगापुर परिसर में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के दो दिवसीय शैक्षिक सम्मेलन के समापन अवसर पर मुख्य वक्ता पद से उपस्थित जिले के शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधन पर व्यक्त किये। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरोत्तम दाधीच ने कहा कि राष्ट्र के निर्माण में शिक्षकों का योग योगदान सर्वश्रेष्ठ है छात्रों के प्रति भी इसी तरह न्याय करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश सेवानिवृत शिक्षक प्रकोष्ठ की सह संयोजिका सुशीला जाट ने की। पर्यवेक्षक जगदीश चंद्र गुर्जर, विशिष्ट अतिथि माधव सिंह बड़वा,अक्षयराज सिंह झाला, गोवर्धन लाल स्वर्णकार थे। इस अवसर पर श्रेष्ठ सेवाओं के रूप में राष्ट्रीय कैडेट कोर के 20 छात्र-छात्राओं, भामाशाह ऋषभ ज्वैलर्स सहित खंड कार्यकारिणी का प्रशस्ति पत्र दुपट्टा तिलक से सम्मान किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय रंगकर्मी भवानी शंकर भट्ट, अजीत सिंह कोटडी, रायपुर शाखा अध्यक्ष विजेश कुमार सैनी, आसींद शाखा अध्यक्ष दुदाराम गुर्जर, प्रहलाद राय तेली, नारायण सिंह चुंडावत, विभुराजसिंह चौहान, प्रकाश राणवा, ईश्वर लाल रेगर, भोजराज शर्मा, दिलीप सिंह चुंडावत, रामप्रसाद सुवालका, मुकेशसिंह बड़वा, सत्यनारायण चेचाणी, ओम प्रकाश व्यास, पूजा शर्मा, अवधेश शर्मा, भूपेश दाधीच, आशा जीनगर, वासवदत्ता खंडेलवाल, अशोक पंचोली, शिवकुमार माली, दिनेश आचार्य, सुखलाल कुम्हार,रमेश वसीटा, विनोद बुलीवाल, नारायण लाल गुर्जर, ओम प्रकाश उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। जिले में पहली बार प्लास्टिक मुक्त सम्मेलन हुआ । प्लास्टिक मुक्त शैक्षिक सम्मेलन के लिए अखिल भारतीय स्वदेशी जागरण मंच के प्रभारी एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉक्टर राजकुमार चतुर्वेदी ने कार्यक्रम के संयोजक बालमुकुंद वैष्णव सहित समस्त खंड कार्यकारिणी का सम्मान किया।

# राम नाम की ध्वजा लेकर नेपाल पहुंचा शाहपुरा का रामस्नेही प्रतिनिधिमंडल

## महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज के दीक्षा पर्व पर 15 सदस्यीय दल ने काठमांडू में निभाई सत्संग सेवा की भागीदारी

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा** की धरती से निकली राम नाम की गूंज अब नेपाल की सांस्कृतिक राजधानी काठमांडू तक पहुंची है। रामस्नेही संप्रदाय की मुख्यपीठ शाहपुरा से 15 सदस्यीय रामस्नेही सत्संगी प्रतिनिधिमंडल आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज के संन्यास दीक्षा दिवस के पावन अवसर पर नेपाल पहुंचा। राम नाम का जयघोष करते हुए रवाना हुआ यह दल सड़क मार्ग से नेपाल पहुंचा
और वहां आयोजित नेपाल दर्शन सत्संग सेवा चातुर्मास-2026 में शामिल होकर सत्संग, आरती, नामजप और भजन के माध्यम से रामस्नेही परंपरा की आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा। शाहपुरा से प्रस्थान के समय रामस्नेही सत्संगीजनों ने रामद्वारा में प्रणाम कर यात्रा का शुभारंभ किया। प्रतिनिधिमंडल में रामस्नेही सूर्य प्रकाश बिड़ला, नारायण सिंह, राकेश सोमानी, सतीश काबरा, रामसहाय अग्रवाल सहित 15 सदस्य शामिल रहे। यात्रा के दौरान दल में राम नाम का जाप और रामस्नेही संप्रदाय का जयघोष लगातार गूंजता रहा।

**शाहपुरा से काठमांडू तक जुड़ी राम नाम की कड़ी**

नेपाल पहुंचने के बाद शाहपुरा के रामस्नेही सत्संगी दल ने काठमांडू में आयोजित धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। होटल आनंदा पशुपति, काठमांडू में श्री रामस्नेही हरि मानव परमार्थ सेवा संस्थान, जोधपुर के तत्वावधान में चातुर्मास का आयोजन चल रहा है। यह आयोजन श्री हरिरामजी महाराज शास्त्री के संन्यास स्वर्ण दीक्षा वर्ष महोत्सव के अवसर पर विशेष आध्यात्मिक महत्व रखता है। चातुर्मास के अंतर्गत संध्या आरती, नामजप, भजन और सत्संग की विभिन्न गतिविधियों में देश-विदेश से पहुंचे रामस्नेही श्रद्धालु सहभागी बन रहे हैं। इसी क्रम में शाहपुरा से पहुंचा प्रतिनिधिमंडल भी कार्यक्रम में शामिल हुआ। शाहपुरा के लिए यह यात्रा इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है कि रामस्नेही संप्रदाय की परंपरा में शाहपुरा केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि आद्याचार्य महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज की साधना, तप और आध्यात्मिक परंपरा से जुड़ी मुख्यपीठ के रूप में विशिष्ट स्थान रखता है। ऐसे में मुख्यपीठ से नेपाल पहुंचे सत्संगीजनों की यह सहभागिता रामस्नेही परंपरा के अंतरराष्ट्रीय विस्तार का जीवंत उदाहरण बनी।

**दीक्षा पर्व पर संतों ने ग्रहण किया महाप्रसाद**

नेपाल दर्शन सत्संग सेवा चातुर्मास-2026 के 56वें दिन, अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा के संस्थापक आद्याचार्य स्वामी श्री रामचरणजी महाराज के संन्यास दीक्षा पर्व के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन हुआ। काठमांडू एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे संत-महापुरुषों को महाप्रसाद ग्रहण करवाया गया। इस पवित्र सेवा कार्य में शाहपुरा से पहुंचे रामस्नेही प्रतिनिधिमंडल ने भी भागीदारी निभाई। रामस्नेही परंपरा में सेवा और सत्संग को साधना का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। इसी भावना के अनुरूप प्रतिनिधिमंडल ने कार्यक्रम में सहभागी बनकर केवल एक धार्मिक आयोजन में उपस्थिति दर्ज नहीं कराई, बल्कि शाहपुरा की आध्यात्मिक विरासत को नेपाल की धरती पर भी साझा किया।

**कथा में गूंजा महाप्रभु का जीवन दर्शन**

इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय शाहपुरा पीठ बड़ा रामद्वारा जोधपुर के प्रखर वक्ता एवं कथा प्रवक्ता रामस्नेही संत हरिरामजी महाराज शास्त्री ने महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज के जीवन, साधना और संन्यास दीक्षा प्रसंग पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज का जीवन मानवता, भक्ति, आत्मचिंतन और राम नाम की साधना का संदेश देता है। उनका आध्यात्मिक चिंतन किसी एक स्थान या क्षेत्र तक सीमित नहीं रहा, बल्कि राम नाम की साधना के माध्यम से व्यापक समाज को जोड़ने का कार्य करता रहा। संत हरिरामजी महाराज शास्त्री ने कहा कि रामस्नेही संप्रदाय की मुख्यपीठ शाहपुरा से सत्संगीजनों का नेपाल पहुंचना अपने आप में महत्वपूर्ण आध्यात्मिक प्रसंग है। उन्होंने कहा कि शाहपुरा से नेपाल तक रामस्नेही सत्संगीजनों की यह यात्रा दोनों क्षेत्रों को राम नाम की साधना और सत्संग की भावना से जोड़ रही है।

**नेपाल की सांस्कृतिक धरती पर रामस्नेही परंपरा का स्पर्श**

नेपाल की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान में काठमांडू का विशेष स्थान है। पशुपतिनाथ की नगरी में विभिन्न भारतीय संत परंपराओं और आध्यात्मिक धाराओं का संगम दिखाई देता है। ऐसे सांस्कृतिक परिवेश में रामस्नेही संप्रदाय के चातुर्मास आयोजन ने शाहपुरा की आध्यात्मिक परंपरा को नेपाल की भूमि से जोड़ने का अवसर दिया। शाहपुरा से पहुंचे सत्संगीजनों ने आरती, भजन और नामजप में सहभागी बनकर राम नाम की साधना को अपने व्यवहार और आस्था के माध्यम से आगे बढ़ाया। यात्रा का उद्देश्य केवल नेपाल भ्रमण नहीं, बल्कि सत्संग, सेवा और संप्रदाय की आध्यात्मिक मर्यादाओं से जुड़ना रहा।

**शाहपुरा की पहचान, राम नाम की साधना**

महाप्रभु स्वामी रामचरणजी महाराज के दीक्षा पर्व पर नेपाल पहुंचा यह प्रतिनिधिमंडल अपने साथ शाहपुरा की उस आध्यात्मिक परंपरा को लेकर गया, जिसकी आधारशिला राम नाम, सत्संग, सेवा और सदाचार पर टिकी है। शाहपुरा से काठमांडू तक हुई यह यात्रा इस बात की अनुभूति कराती है कि आध्यात्मिक परंपराओं की सीमाएं भौगोलिक सीमाओं से बड़ी होती हैं। एक ओर शाहपुरा की मुख्यपीठ से निकला राम नाम, दूसरी ओर नेपाल की सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरतीकृदोनों का यह मिलन सत्संग और सेवा की उस परंपरा को आगे बढ़ाता दिखाई दिया, जो मनुष्य को बाहरी भेदों से ऊपर उठाकर आत्मिक एकता का संदेश देती है।

### गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को रखे मुक्त,

# शिक्षक संघ अंबेडकर के शैक्षिक अधिवेशन में सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष मनोनीत हुए राजमल रेगर...

स्मार्ट हलचल



**राजस्थान** शिक्षक संघ (अंबेडकर) भीलवाड़ा के जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के दूसरे दिन सभी पदाधिकारियों की समीक्षा बैठक मांडल पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हुई।बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामेश्वर लाल मेघवंशी व नारायण लाल बलाई के मुख्य आतिथ्य में हुआ।बैठक में शिक्षकों का मांग पत्र एसीबीईओ बालमुकुंद शर्मा को सौंपा।वही शिक्षक संघ के सदस्यों ने सर्वसम्मति से संघ के नए जिला अध्यक्ष के रूप में राजमल रेगर को चुना गया। सभी के द्वारा नए जिला अध्यक्ष राजमल रेगर का स्वागत किया गया। समीक्षा बैठक में शिक्षण की गुणवत्ता, संगठन की आगामी कार्ययोजना, शिक्षकों को समस्याओं, ऑनलाइन कार्य सहित संगठन को मजबूती प्रदान करने के विशेष मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। निवर्तमान जिला अध्यक्ष रामेश्वर लाल मेघवंशी के दो वर्ष की कार्यकाल की सराहना की गई। नव मनोनीत जिला अध्यक्ष राजमल रेगर ने बताया कि संघ हमेशा शिक्षकों के हितों की रक्षा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा , शिक्षकों के साथ कोई जातिगत भेदभाव न हो, समानता, समरसता बनी रहे, विभाग की योजनाओं को साकार करने में संघ का योगदान , सहित नई शिक्षा नीति पर विचार विमर्श किया गया। नई जिला कार्यकारिणी का का विस्तार आगामी बैठक में किया जाएगा और प्रत्येक ब्लॉक में सक्रिय और संगठन के प्रति निष्ठावान सदस्यों को शामिल किया जाएगा।अधिवेशन में प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश नकवाल, अजमेर संभाग प्रतिनिधि नाथू लाल बलाई, पूर्व जिला अध्यक्ष नारायण लाल रेगर, निवर्तमान अध्यक्ष रामेश्वर लाल मेघवंशी, प्रदेश आई टी प्रभारी राजमल रेगर, अजमेर संभाग प्रभारी महावीर खोईवाल, जिला महामंत्री अनिल कुमार लोट, कोषाध्यक्ष चंद्रा लाल रेगर, जहाजपुर ब्लॉक अध्यक्ष सोजी राम बैरवा, करेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष परशुराम मेघवंशी, हुरड़ा अध्यक्ष अमरचंद, जिला मीडिया प्रभारी मोहम्मद शाबीर रंगरेज, विधि सलाहकार भवानी सिंह मीणा, मांडलगढ़ संगठन मंत्री नंद लाल सालवी, ब्लॉक प्रतिनिधि सुरजमल कोली, राजेश, सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### जलझूलनी एकादशी को लेकर काछोला थाने में सीएलजी की बैठक

# शोभायात्रा मार्ग, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर हुआ मंथन, सौहार्द बनाए रखने की अपील

स्मार्ट हलचल



**काछोला** -आगामी जलझूलनी एकादशी (डोल ग्यारस) पर्व एवं अन्य आगामी पर्व को लेकर काछोला पुलिस थाने में सीएलजी की विशेष बैठक थाना प्रभारी बालकिशन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सीएलजी सदस्यों के साथ शांति समिति के सदस्य एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। आगामी पर्वों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों के बीच महत्वपूर्ण चर्चा हुई। बैठक में 22 सितंबर को प्रस्तावित जलझूलनी एकादशी पर्व के दौरान कस्बे में कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया प्रस्तावित शोभायात्रा एवं जुलूस के मार्ग को लेकर भी चर्चा हुई। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा, यातायात व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर आवश्यक तैयारियों पर मंथन किया गया। बैठक में शोभायात्रा मार्ग की साफ-सफाई, मार्ग व्यवस्था तथा रास्ते में झूल रहे बिजली के तारों को दुरुस्त कराने जैसे जनसुविधा से जुड़े मुद्दों पर भी ध्यान दिलाया गया, ताकि पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो।

**भाईचारे और सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील**


बैठक में पुलिस की ओर से सभी समुदायों से आगामी त्योहारों को आपसी भाईचारे, शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द के साथ मनाने की अपील की गई। साथ ही अफवाहों से दूर रहने और किसी भी प्रकार की भ्रामक सूचना की स्थिति में पुलिस को तत्काल सूचना देने पर जोर दिया गया। सीएलजी एवं शांति समिति सदस्यों तथा जनप्रतिनिधियों ने भी त्योहारों के दौरान पुलिस-प्रशासन का सहयोग करने और काछोला में शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने का भरोसा दिलाया। बैठक में आपसी समन्वय के साथ पर्व को व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने पर विशेष जोर रहा।इस अवसर पर वंश प्रदीप सिंह सोलंकी,संदीप सोनी,डॉ एन के सोनी,संपत सिंह सोलंकी,सत्य नारायण बलाई,वासुदेव पालीवाल, मोहम्मद शाबीर रंगरेज, राजेश गगरानी,गोपाल मंत्री,कृष्ण सोनी, असलम रंगरेज सहित आदि उपस्थित थे।

### *शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष*

# कांग्रेस ने बालमुकुंद तोषनीवाल को किया निष्कासित

## *चुनाव से ठीक पहले बड़ी राजनीतिक कार्रवाई, जिला देहात अध्यक्ष रामलाल जाट ने जारी किया आदेश*

स्मार्ट हलचल



**शाहपुरा।** शाहपुरा नगर पालिक ा अध्यक्ष पद के चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम सामने आया है। नगर पालिका अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी बालमुकुंद तोषनीवाल को
कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी भीलवाड़ा (देहात) के अध्यक्ष रामलाल जाट की ओर से 19 सितंबर को जारी कार्यालय आदेश में यह कार्रवाई की गई है। आदेश के अनुसार तोषनीवाल हाल ही में हुए नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस के अधिकृत सिंबल पर वार्ड संख्या 16 से पार्षद निर्वाचित हुए थे। इसके बावजूद वर्तमान में नगर पालिका अध्यक्ष पद के निर्वाचन में कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध स्वयं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरने को पार्टी अनुशासन और संविधान का उल्लंघन बताया गया है।

**कांग्रेस प्रत्याशी के सामने निर्दलीय मैदान में उतरे**

शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस ने रमेश सेन को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। वहीं बालमुकुंद तोषनीवाल ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अध्यक्ष पद के चुनाव में दावेदारी की है। दोनों के बीच मुकाबला होने की स्थिति में कांग्रेस के लिए यह चुनाव खास राजनीतिक महत्व रखता है। जिला देहात कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामलाल जाट की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि तोषनीवाल ने पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध जाकर स्वयं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरकर पार्टी अनुशासन एवं संविधान का उल्लंघन किया है। इसे घोर अनुशासनहीनता की श्रेणी में माना गया है।

**प्रदेश नेतृत्व की सहमति का उल्लेख**

निष्कासन आदेश में यह भी उल्लेख किया गया है कि कार्रवाई प्रदेश नेतृत्व की सहमति से की जा रही है। आदेश के अनुसार बालमुकुंद तोषनीवाल को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया जाता है और यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

**21 सितंबर को होना है अध्यक्ष का चुनाव**

शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष पद का चुनाव 21 सितंबर को होना है। चुनाव से महज दो दिन पहले कांग्रेस की ओर से की गई इस कार्रवाई ने शाहपुरा की सियासत को और गर्म कर दिया है। एक तरफ कांग्रेस अपने अधिकृत प्रत्याशी रमेश सेन के समर्थन में पार्षदों को एकजुट करने में जुटी है, वहीं दूसरी ओर निर्दलीय प्रत्याशी बालमुकुंद तोषनीवाल भी अध्यक्ष पद की दौड़ में बने हुए हैं। नगर पालिका चुनाव में कांग्रेस ने 22 वार्डों में जीत दर्ज कर स्पष्ट बहुमत हासिल किया था। इसके बावजूद अध्यक्ष पद के चुनाव में पार्टी के सामने अपने ही दल के सिंबल पर निर्वाचित पार्षद की निर्दलीय दावेदारी एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम बन गई है।

**अब निगाहें 21 सितंबर के मतदान पर**

तोषनीवाल के निष्कासन के बाद अब शाहपुरा नगर पालिका अध्यक्ष चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां और तेज होने की संभावना है। दोनों पक्ष अपने-अपने समर्थन को लेकर दावे कर रहे हैं। पार्षदों की बाड़ेबंदी के बीच सोशल मीडिया पर भी तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। अब सबकी निगाहें 21 सितंबर को होने वाले अध्यक्ष पद के मतदान पर टिकी हैं। कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी रमेश सेन और निर्दलीय बालमुकुंद तोषनीवाल के बीच होने वाले मुकाबले में पार्षदों का रुख ही अध्यक्ष पद का फैसला तय करेगा।

# सिवाना पुलिस की कार्रवाई : 114.99 ग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद, तस्कर गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**बालोतरा/सिवाना।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिवाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 114.99 ग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद किया है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक बालोतरा राजेश कुमार कंवट, आईपीएस के निर्देशन में जिले में मादक पदार्थों की तस्करी और तस्करों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बालोतरा हरफूलसिंह आरपीएस एवं वृताधिकारी सिवाना गिरधर सिंह के निकट सुपरविजन में थाना प्रभारी सिवाना ओमाराम उनि. के नेतृत्व में पुलिस टीम ने यह कार्रवाई की।

**सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा**

पुलिस के अनुसार 18 सितंबर 2026 को DST बालोतरा से सूचना मिली थी कि पेमाराम पुत्र हीराराम, जाति विश्नोई, निवासी गुड़ा विश्नोइयान, थाना विवेक विहार, जिला जोधपुर, मोटरसाइकिल पर अवैध मादक पदार्थ लेकर घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम गठित कर सरहद मूठली में तलाश और नाकाबंदी की गई। तलाशी के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल के साथ होटल के पास खड़ा दिखाई दिया। पुलिस टीम को देखकर वह वहां से निकलने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने उसे रोककर पूछताछ की तो उसने अपना नाम पेमाराम पुत्र हीराराम बताया। पुलिस ने नियमानुसार मोटरसाइकिल की तलाशी ली। तलाशी में सीट के नीचे छिपाकर रखा हुआ 114.99 ग्राम अवैध अफीम का दूध बरामद हुआ। मौके से वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की गई।

**NDPS एक्ट में मामला दर्ज, नेटवर्क को लेकर पूछताछ जारी**

पुलिस ने आरोपी पेमाराम को गिरफ्तार कर NDPS एक्ट के तहत सिवाना थाने में मामला दर्ज किया है। पुलिस आरोपी से अवैध मादक पदार्थ के स्रोत, खरीद-फरोख्त और तस्करी नेटवर्क के संबंध में गहन पूछताछ कर रही है।

**पुलिस टीम की भूमिका**

कार्रवाई में DST बालोतरा के एएसआई ऐंदाराम, हेड कांस्टेबल मांगूसिंह, कांस्टेबल जगदीश प्रसाद, धर्मेंद्रसिंह और मुकेश मीणा सहित सिवाना थाना पुलिस टीम की भूमिका रही। प्रेस नोट में थाना प्रभारी ओमाराम सहित पुलिसकर्मियों के नाम भी दिए गए हैं।

# बनेड़ा पुलिस ने अंतरराज्यीय गैंग का किया खुलासा, 2080 मीटर हाई ट्रांसमिशन तार बरामद...

स्मार्ट हलचल




**बनेड़ा/भीलवाड़ा।** बनेड़ा थाना पुलिस ने विद्युत उपकरणों और हाई ट्रांसमिशन लाइनों से तार चोरी करने वाली एक अंतरराज्यीय गैंग का खुलासा करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से करीब 2080 मीटर हाई ट्रांसमिशन तार बरामद किया गया है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1 करोड़ रुपये बताई गई है। वारदात में इस्तेमाल स्कॉर्पियो और महिंद्रा बोलेरो पिकअप को भी जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में संपत्ति संबंधी अपराधों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा अंजुम कायल एवं पुलिस उपाधीक्षक शाहपुरा नानालाल सालवी के निकट सुपरविजन में बनेड़ा थाना पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की।

**24 अगस्त 2024 को हुई थी वारदात**

पुलिस प्रेस नोट के मुताबिक 24 अगस्त 2024 को भरत कुमार श्रीवास्तव ने थाने में रिपोर्ट दी थी। उस समय रायला थाना क्षेत्र में 765 केवी ब्यावर-मंदसौर ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण का कार्य चल रहा था। बनेड़ा थाना क्षेत्र के राखी में ट्रांसमिशन लाइन के टावर संख्या 76/9 और 76/10 के बीच से अज्ञात चोरों ने तार काट लिए थे। जांच में सामने आया कि चोरों ने करीब 5204.2080 मीटर तार काटने के कारण टावर हार्डवेयर फिटिंग को भी नुकसान पहुंचाया था। इससे दो सेट को नुकसान हुआ तथा 8 इंसुलेटर और इंस्पेक्टर डैम्पर सहित अन्य उपकरणों को नुकसान पहुंचने की बात पुलिस रिपोर्ट में दर्ज है। मामले में थाना हाजा पर प्रकरण संख्या 176/2024 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।

**CCTV फुटेज और तकनीकी जांच से आरोपियों तक पहुंची पुलिस**

पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर तकनीकी साक्ष्य जुटाए। CCTV फुटेज का बारीकी से विश्लेषण करने के साथ मोबाइल नंबरों की तकनीकी जांच की गई। इसके अलावा पूर्व में चोरी, लूट, डकैती और नकबजनी जैसे मामलों में संलिप्त अपराधियों से पूछताछ की गई तथा मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। हाई ट्रांसमिशन लाइन के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर भी निगरानी रखी गई। जांच के दौरान पुलिस ने सीकर जिले के ठिकरिया और कांवट थाना क्षेत्र के रहने वाले सात संदिग्धों को चिन्हित किया। पूछताछ में आरोपियों ने राखी, मेघरास और सादास क्षेत्र में भी वारदातें करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने राखी में ट्रांसमिशन लाइन से तार चोरी करना भी कबूल किया, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया।

**सैटेलाइट मैप से सुनसान जगह चिन्हित कर करते थे वारदात**

पुलिस के अनुसार गैंग के कुछ सदस्यों को पहले पावर ग्रिड में काम करने का अनुभव था, जिसके कारण उन्हें हाई ट्रांसमिशन लाइन से तार काटने की तकनीकी जानकारी थी। आरोपी पहले सैटेलाइट मैप की मदद से सुनसान क्षेत्र और वारदात के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करते थे। इसके बाद चार-पांच दिन बाद अपने साथियों के साथ पिकअप और स्कॉर्पियो से मौके पर पहुंचते थे। पुलिस के मुताबिक आरोपी राकेश हाई ट्रांसमिशन लाइन के खंभे पर चढ़कर आरी और फावड़े की सहायता से तार काटता था, जबकि अन्य साथी तार को समेटकर पिकअप में लोड करते थे। गैंग का एक सदस्य स्कॉर्पियो में बैठकर आसपास आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखता था। पुलिस ने बताया कि हाई ट्रांसमिशन लाइन में इस्तेमाल होने वाला करीब 50 एमएम मोटा तार वजनदार और उच्च गुणवत्ता का होने के कारण चोरी के बाद अच्छी कीमत दिलाता था। पुलिस के अनुसार चोरी से प्राप्त रकम को आरोपी मौज-शौक और ऐशोआराम पर खर्च करते थे।

**ये सात आरोपी गिरफ्तार**

पुलिस प्रेस नोट के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में महेंद्र, राकेश, संदीप लांबा, नितिन सैन, राकेश कुमार स्वामी, महीपाल और मनोज कुमार शामिल हैं। सभी आरोपी सीकर जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त स्कॉर्पियो RJ 14 यूजी 6171 और महिंद्रा बोलेरो पिकअप RJ 23 जीए 8268 को भी जब्त किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों से अन्य चोरी की वारदातों के संबंध में पूछताछ और अनुसंधान जारी है। पुलिस प्रेस नोट में कुछ गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ पूर्व में दर्ज आपराधिक प्रकरणों का भी उल्लेख किया गया है।

**पुलिस टीमः** इस कार्रवाई में बनेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक प्रेमप्रकाश कासनिया सहित पुलिस टीम के अधिकारियों और जवानों की भूमिका रही।

# 18 साल की परंपरा, फिर सजा ‘माणिक्य नगर के राजा’ का दरबार, गणपति की भक्ति चढ़ी परवान



### 14 से 25 सितंबर तक गणेश महोत्सव, हर शाम भक्ति के साथ नृत्य-डांडिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**भीलवाड़ा।** । वस्त्रनगरी भीलवाडा में गणपति की भक्ति का रंग चढ़ चुका है और ‘माणिक्य नगर के राजा’ का दरबार सज गया है। माणिक्य नगर में 18 साल से चली आ रही गणेश महोत्सव की परंपरा इस बार भी पूरे उत्साह के साथ शुरू हो
गई है। 14 सितंबर से ‘माणिक्य नगर के राजा’ का दरबार सजा है, जहां 25 सितंबर तक रोज शाम भक्ति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का रंग देखने को मिलेगा। रात 8 से 11 बजे तक एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, डांडिया रास सहित विभिन्न प्रस्तुतियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बन रही हैं। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के नेतृत्व में आयोजित गणेश महोत्सव को लेकर कार्यकर्ताओं और नवयुवक मंडल में उत्साह है। आयोजन समिति के अनुसार, महोत्सव के दौरान प्रतिदिन शाम 8 बजे से रात 11 बजे तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, डांडिया रास सहित विभिन्न मनोरंजक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं के लिए भक्ति के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आकर्षण का केंद्र रहेंगे। कार्यकर्ता लखन सोनी ने बताया कि माणिक्य नगर में ‘माणिक्य नगर के राजा’ के नाम से गणेश महोत्सव का आयोजन पिछले 18 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। वर्षों से चली आ रही इस परंपरा के चलते महोत्सव क्षेत्र में विशेष पहचान बना चुका है। इस बार भी आयोजन को लेकर कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह बना हुआ है। महोत्सव को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए बजरंग दल माणिक्य नगर के कार्यकर्ता व्यवस्थाओं में जुटे हुए हैं। आयोजन समिति अध्यक्ष रोहित सहित मनोज सोनी, सूरज प्रजापत, अखिलेश व्यास, लादू प्रजापत और सौम्य मेहता सहित अन्य कई कार्यकर्ता आयोजन की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं में सहयोग कर रहे हैं।

# ढूंढिया-कुरेड़ा सड़क पर बबूल का कब्जा, कई पंचायतों के ग्रामीण परेशान...

## डुउपखंड मुख्यालय को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण मार्ग पर झाड़ियां बनीं मुसीबत, हादसे का मंडरा रहा खतरा

स्मार्ट हलचल

**पीपलू ।** ढूंढिया से कुरेड़ा गांव को जोड़ने वाली सड़क पर इन दिनों सड़क किनारे उगी बबूल की झाड़ियां ग्रामीणों के लिए बड़ी परेशानी बनी हुई हैं। सड़क के दोनों ओर बबूल की टहनियां फैलकर रास्ते की ओर आ गई हैं, जिसके चलते सड़क कई जगह संकरी हो गई है। यह मार्ग केवल दो गांवों को जोड़ने वाली सड़क नहीं, बल्कि आसपास की कई पंचायतों के ग्रामीणों को पीपलू उपखंड मुख्यालय से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण आवागमन मार्ग है। इस रास्ते से रोजाना ग्रामीणों के साथ किसान, विद्यार्थी, कर्मचारी और



दुपहिया वाहन चालक पीपलू की ओर आवागमन करते हैं। सड़क पर बबूल की झाड़ियां फैलने के कारण वाहन चालकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। खासकर जब सामने से कोई बड़ा वाहन आता है तो दोनों वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती। ऐसे में वाहन चालकों को सड़क के किनारे जाने में भी डर बना रहता है।

**बबूल की टहनियां राहगीरों से टकरा रहीं**

सड़क किनारे फैली बबूल की टहनियां दुपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बन रही हैं। कई जगह झाड़ियां इतनी फैल चुकी हैं कि सड़क से गुजरते समय टहनियां वाहन चालकों और राहगीरों से टकराती हैं। इससे चोट लगने का खतरा बना हुआ है। रात के समय समस्या और गंभीर हो जाती है। अंधेरे में सड़क किनारे फैली झाड़ियों का अंदाजा नहीं लग पाने के कारण दुपहिया वाहन चालक अचानक टहनियों की चपेट में आ सकते हैं। वहीं सामने से आने वाले वाहन को रास्ता देने के दौरान दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है।

**कई पंचायतों के ग्रामीणों का प्रमुख रास्ता**

ग्रामीणों के अनुसार ढूंढिया-कुरेड़ा मार्ग आसपास के गांवों को जोड़ने के साथ ही पीपलू उपखंड मुख्यालय तक पहुंचने के लिए महत्वपूर्ण रास्ता है। ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों, तहसील, पंचायत समिति, अस्पताल, बाजार सहित अन्य जरूरी कार्यों के लिए इसी क्षेत्र से आवागमन करना पड़ता है। ऐसे में सड़क पर बबूल की झाड़ियों का फैलाव सीधे तौर पर ग्रामीणों की रोजमर्रा की आवाजाही को प्रभावित कर रहा है।

**समय रहते नहीं हुई कटाई तो बढ़ेगा हादसों का खतरा**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे उगी बबूल की झाड़ियों की समय-समय पर कटाई और सफाई होना जरूरी है। यदि अभी इन झाड़ियों की कटाई नहीं करवाई गई तो बारिश के बाद इनके और फैलने की आशंका है, जिससे सड़क और अधिक संकरी हो सकती है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि ढूंढिया से कुरेड़ा तक सड़क का मौका निरीक्षण करवाकर दोनों तरफ उगी बबूल की झाड़ियों की तत्काल कटाई करवाई जाए। साथ ही सड़क की नियमित सफाई की व्यवस्था की जाए, ताकि पीपलू उपखंड मुख्यालय से जुड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग पर ग्रामीणों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की सफाई को महज झाड़ियों की कटाई का काम नहीं समझा जाना चाहिए, बल्कि यह लोगों की सुरक्षा और सुगम आवागमन से जुड़ा गंभीर मामला है। समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो किसी बड़े हादसे के बाद ही प्रशासन की नींद खुलेगी।

## एसबीआई काछोला शाखा का नए स्थान पर होगा स्थानांतरण, 28 सितंबर से नए पते पर मिलेंगी बैंकिंग सेवाएं

### 24-25 सितंबर को लॉकर सेवाएं बाधित रहने की संभावना, ग्राहकों को पहले से सामान निकालने की सलाह

स्मार्ट हलचल

**काछोला** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की काछोला शाखा ने ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शाखा को नए और अधिक सुविधाजनक स्थान पर स्थानांतरित करने की घोषणा की है। बैंक की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना के अनुसार 28 सितंबर 2026 से शाखा का नया पता प्लॉट संख्या 1056, ओसवाल ट्रेड प्लाजा (ओटीपी), बाईपास रोड, काछोला रहेगा। बैंक की ओर से जारी सूचना में ग्राहकों को नए परिसर में बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने की बात कही गई है। शाखा की ओर से संपर्क के लिए 9685815600 मोबाइल नंबर भी जारी किया गया है।




**24 और 25 सितंबर को लॉकर सेवाएं हो सकती हैं बाधित**

शाखा स्थानांतरण के कारण बैंक के लॉकर संचालन एवं पुनः स्थापना की प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। सूचना में ग्राहकों को बताया गया है कि 24 सितंबर से 25 सितंबर तक लॉकर सेवाओं में व्यवधान हो सकता है। बैंक ने ऐसे ग्राहकों को, जो अपने लॉकर से सामान निकालना चाहते हैं, अंतिम समय की परेशानी से बचने के लिए अपनी शिपिंग/स्थानांतरण तिथि से कम से कम 3 दिन पहले आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी है। साथ ही ग्राहकों के पास अपनी सुविधा के अनुसार लॉकर की व्यवस्था में बदलाव अथवा उसे बंद करने का विकल्प भी उपलब्ध रहेगा।

**नए परिसर में बेहतर सेवा का भरोसा**

भारतीय स्टेट बैंक की ओर से जारी सार्वजनिक सूचना में कहा गया है कि बैंक नए स्थान से ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए तत्पर है। शाखा प्रबंधन ने ग्राहकों से स्थानांतरण के दौरान सहयोग करने की अपील की है।

## शंभूपुरा में दिनभर धूल के गुबार, भारी लोडिंग वाहनों से आमजन परेशान, थाने में दिया ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** शंभूपुरा कस्बे के अंदर मुख्य मार्ग पर भारी लोडिंग वाहनों के बेलगाम आवागमन से उड़ रही धूल ने आमजन का जीना दूभर कर दिया है। सड़कों पर पूरे दिन धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे राहगीरों, दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दिनभर ओवरलोडेड, ट्रेलर, डंपर और ट्रकों के गुजरने से सड़क पर गिट्टी और धूल फैल जाती है। इससे आंखों में जलन, सांस लेने में तकलीफ जैसी स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं। वहीं दुकानों और घरों में धूल जमने से व्यापारी वर्ग भी परेशान है। छोटे स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है, कई बार दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इस गंभीर समस्या को लेकर शुक्रवार को स्थानीय नागरिकों द्वारा थाना शंभूपुरा को ज्ञापन/शिकायत देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि जनता की सुरक्षा और स्वच्छ वातावरण को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द प्रभावी कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन को इस धूल भरी समस्या से राहत मिल सके।




## मुकेश कुमार मीना अरस्तु के कार्यकारी जिलाध्यक्ष जयपुर निर्वाचित।

स्मार्ट हलचल

जयपुर/भरत देवड़वाल। अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ (अरस्तु) जयपुर के सर्वसम्मति से ओमप्रकाश खटीक को जिलाध्यक्ष और मुकेश कुमार मीना को कार्यकारी जिलाध्यक्ष निर्वाचित किया किया गया। संघ के प्रदेशाध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन के दुसरे दिन शिक्षको की समस्याओ पर खुली चर्चा कर सर्वसम्मति से सरकार के नाम मांगपत्र तैयार किया गया। प्रदेश प्रवक्ता देवकरण गुर्जर ने जिलाध्यक्ष व कुछ ब्लॉक अध्यक्षो के नाम का प्रस्ताव पेश किया जिसको उपस्थित सभी सदस्यो द्वारा एक स्वर में सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। दोनो निर्वाचित जिलाध्यक्षो को आगामी जिला कार्यकारिणी गठन का अधिकार प्रदान किया गया। निर्वाचित ब्लॉक अध्यक्षो यथा ऋषिराज-ब्लॉक अध्यक्ष सांगानेर, मुकेश कुमार मदेरणा-ब्लॉक अध्यक्ष चाकसू, रणजीत सिंह यादव-ब्लॉक अध्यक्ष जमवारामगढ को भी ब्लॉक कार्यकारिणी गठन हेतु अधिकृत किया गया।



# नवनिर्वाचित पार्षद कड़ी सुरक्षा में पहुंचे मंडावर उपखंड कार्यालय

स्मार्ट हलचल

**मंडावर। पर्दे में रहने दो, पर्दा ना उठाओ!** चुनाव जीतते ही जनता से दूरी, शपथ लेने पहुंचे तो सुरक्षा का घेरा भारी–मंडावर के माननीयों का अज्ञातवास खत्म!

कल तक हाथ जोड़कर वोट मांग रहे थे, आज दर्शन के लिए बैरिकेडिंग! बस के शीशों पर भी पर्दे–जनता पूछ रही, आखिर इतना पर्दा क्यों?

चुनाव का मौसम था तो गलियों में रौनक थी। माननीय प्रत्याशी हर दरवाजे पर दस्तक दे रहे थे। कहीं हाथ जोड़ते नजर आए, कहीं पैर छूते और कहीं विकास के वादों की झड़ी लगाते दिखाई दिए। जनता भी सोच रही थी–वाह! ये तो हमारे बीच रहने वाले जनसेवक हैं।

लेकिन चुनाव का नतीजा आते ही कहानी ने ऐसा मोड़ लिया कि जनसेवकों के दर्शन ही दुर्लभ हो गए।

कहानी में नया ट्विस्ट तब आया जब लंबे समय से चल रही बाड़ाबंदी/अज्ञातवास के बाद नवनिर्वाचित पार्षद मंडावर की जनता के सामने दिखाई दिए। जनता ने सोचा–शायद अब माननीय अपने मतदाताओं का हाल पूछेंगे, धन्यवाद देंगे और जीत का आभार जताएंगे।

लेकिन नहीं साहब!




माननीयों का कार्यक्रम कुछ और था। शपथ ग्रहण करनी थी और निर्वाचन प्रमाण पत्र लेना था।

जनता से मिलने नहीं, सरकारी काम से निकले माननीय!

उपखंड कार्यालय पहुंचने का नजारा भी कम दिलचस्प नहीं था। सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग और पर्दों से ढकी बस देखकर ऐसा लगा जैसे कोई बेहद गोपनीय मिशन चल रहा हो।

बस के शीशों पर पर्दे देखकर मंडावर की जनता के मन में सवाल उठना स्वाभाविक था–

कहीं बाहर की हवा लोकतंत्र में कोई नया झोंका न ले आए?

या फिर कहीं जनता अपने ही चुने हुए प्रतिनिधियों को पहचान न ले?

जनता तो चुनाव के बाद से यही सोच रही थी कि हमने किसे चुना है और हमारे पार्षद कहां हैं?

चुनाव से पहले जनता के बीच, चुनाव के बाद पर्दे के पीछे!

चुनाव से पहले जिनके मोबाइल नंबर जनता के पास थे, जिनके दरवाजे खुले थे और जो हर मोहल्ले में दिखाई दे रहे थे, वही चेहरे अब इतने व्यस्त और दुर्लभ हो गए कि जनता को उनके दर्शन के लिए भी इंतजार करना पड़ रहा है।

व्यंग्य की भाषा में कहें तो–

पहले वोट के लिए जनसंपर्क था,

अब चेयरमैन के लिए संपर्क है।

पहले जनता महत्वपूर्ण थी, अब शायद गणित महत्वपूर्ण है।

और मंडावर की राजनीति में गणित का यह अध्याय 21 सितंबर को खुलने वाला है।

अब अगला पर्दा 21 सितंबर को उठेगा!

21 सितंबर को चेयरमैन पद के चुनाव में यही नवनिर्वाचित पार्षद मतदान करेंगे। उस दिन उंगली पर लगी स्याही से ज्यादा चर्चा शायद किसकी उंगली किस तरफ उठी इसकी होगी।

जनता की निगाहें भी अब उसी दिन पर टिकी हैं।

क्योंकि सवाल सिर्फ चेयरमैन चुनने का नहीं है। सवाल यह भी है कि चुनाव जीतने के बाद जनता के बीच रहने का वादा करने वाले प्रतिनिधि जनता से इतने दूर क्यों हो गए?

मंडावर की जनता शायद अब यही गीत गुनगुना रही होगी–

'पर्दे में रहने दो, पर्दा ना उठाओ...

पर्दा जो उठ गया तो भेद खुल जाएगा।'

फिलहाल पर्दा कायम है।

माननीय सुरक्षित हैं।

बस सुरक्षित नहीं है तो जनता की उत्सुकता!

अब देखना यह है कि 21 सितंबर को मतदान की पेटी के सामने पर्दा हटता है या फिर लोकतंत्र के इस नए शो में इंटरवल के बाद कोई नया ट्विस्ट आता है।

## गंगापुर व भुनास फीडर में रविवार को बिजली बन्द रहेगी

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** 33 केवी लाइन के रख रखाव के कारण गंगापुर में रविवार सुबह 10:00 बजे से 12:00 तक नगर पालिका क्षेत्र गंगापुर में विद्युत बिजली बंद रहेगी और 12:00 बजे से 2:00 बजे तक भुनास फीडर के भुनास, अरनिया , भरक लाखोंला , सल्यावडी , शिवरती,गणेशपुरा महेंद्रगढ़ ,ढोसर पंचायत से संबंधित गांवो में बिजली बंद रहेगी 33 केवी फीडर पर आवश्यक रखरखाव के कार्य से बिजली बंद रहेगी सहायक अभियंता बृजेन्द्र सिंह ने दी जानकारी।

## अरिहंत विहार में डांडिया की धूम, गणपति को जानो क्विज के विजेता रहे गोपाल



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा** शंभूपुरा।चित्तौड़गढ़ उपनगरीय क्षेत्र सेन्थी के अरिहंत विहार सोसाइटी में गणेशोत्सव के पावन अवसर पर भव्य डांडिया उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया। क्षेत्र के बड़ी संख्या में निवासियों ने पारंपरिक वेशभूषा में गरबा और डांडिया का लुत्फ उठाया। ढोल-नगाड़े और डीजे की मधुर धुनों पर देर रात तक सोसाइटी परिसर में गरबा की गूंज रही। महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान बच्चा पार्टी द्वारा आयोजित गणपति को जानो क्विज में कड़े मुकाबले के बाद गणेश महोत्सव समिति के अध्यक्ष गोपाल जटिया विजेता रहे, जिनको बच्चो द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता में गणेश चतुर्थी एवं गणपती बप्पा के जीवन से सम्बंधित क्विज में 40 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था, ओर इसमे 30 प्रश्न पूछे गए थे। कार्यक्रम के अंत में महाआरती ओर सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान रबिन्द्र प्रधान, लक्ष्मण मेघवाल, ओम जैन शंभूपुरा, अध्यक्ष गोपाल जटिया, जगदीश वैष्णव, रणजीत आचार्य सहित बड़ी संख्या में कॉलोनी निवासी मौजूद रहे।

## कोशीथल : दो दिवसीय तेजा दशमी महोत्सव आज से प्रारंभ

स्मार्ट हलचल

रायपुर 19 सितंबर मेवाड़ वीर तेजा जाट सेवा संस्थान कोशीथल की उपलक्ष्ता में हर वर्ष के भाती इस वर्ष भी 20 सितम्बर को विशाल निर्गुणी भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें क्षेत्र के आसपास से 100 से भी अधिक भजन संत प्रेमी भाग लेंगे, ओर अपनी अनेक प्रकार के स्वरों के साथ तंदुरा, मजीरा, ओर ढोलक के साथ अपनी प्रस्तुति देंगे, मेवाड़ की पारम्परिक संस्कृति को कायम रखने के इस विशाल निर्गुणी भक्ति संध्या का आयोजन किया जा रहा है! 21 सितम्बर को विराट शोभायात्रा का आयोजन होगा, जिसमें अपनी मेवाड़ी संस्कृति वेशभूषा धोती साफा में भाग लेंगे! जिसमें डीजे ओर ढोल नगाड़ा ओर घोड़ों के साथ सत्यवादी वीर तेजाजी महाराज की भव्य शोभायात्रा निकलेगी! मेवाड़ वीर तेजा जाट सेवा संस्थान के अध्यक्ष धनराज जाट ने बताया कि दो दिवसीय तेजा दशमी महोत्सव में हजारों श्रद्धालु का आवागमन बना ही रहता है, ओर मंदिर परिसर में भक्तों का जमावड़ा रहता है, श्रद्धालु दर्शन करते है! ओर तेजाजी महाराज से क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना करते है!




# पिपलाज में जलझूलनी एकादशी महोत्सव 21-22 सितंबर को

### 21 को 'एक शाम चारभुजा के नाम' भजन संध्या, 22 को निकलेगी भव्य शोभायात्रा...

स्मार्ट हलचल

**पिपलाज** सावर तहसील क्षेत्र के पिपलाज गांव में जलझूलनी एकादशी महोत्सव इस वर्ष 21 एवं 22 सितंबर को श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। दो दिवसीय धार्मिक महोत्सव को लेकर ग्रामीणों एवं आयोजन समिति की ओर से तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। महोत्सव के दौरान भजन संध्या, शोभायात्रा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। महोत्सव के तहत 21 सितंबर सोमवार को रात 8 बजे 'एक शाम चारभुजा के नाम' विशाल भजन संध्या आयोजित होगी। बाबा रामदेवजी मंडली पिपलाज के तत्वावधान में होने वाली भजन संध्या में राजस्थान के कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। भजन संध्या में भजन गायक फूलसिंह उलेला एवं सिंगर रामू राजस्थानी



भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। ऑर्गन पर सचिन देवली, पैड पर सुनील राव तथा ढोलक पर अशोक केकड़ी संगीत की संगत करेंगे। वहीं डांसर किरण वर्मा एवं डांसर श्याम लाल अपनी प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में कोमल साउंड पारा के ऑपरेटर रोहित पायल रहेंगे।

**बेवान के साथ निकलेगी भव्य शोभायात्रा**

महोत्सव के दूसरे दिन 22 सितंबर मंगलवार को सुबह 9:15 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस अवसर पर भगवान रुणिचा श्याम बाबा रामदेवजी का आकर्षक श्रृंगार किया जाएगा। विभिन्न मंदिरों के बेवान के साथ निकलने वाली शोभायात्रा में बैंड-बाजे एवं आकर्षक धार्मिक झांकियां शामिल रहेंगी। शोभायात्रा गांव के प्रमुख मार्गों से होती हुई धर्म तलाई पहुंचेगी। धर्म तलाई पर विधि-विधान एवं श्रद्धा-भक्ति के साथ भगवान बाबा रामदेवजी को जल में झुलाने की पारंपरिक जलझूलनी एकादशी की रस्म निभाई जाएगी। इस धार्मिक आयोजन में पिपलाज सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।महोत्सव को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह है। आयोजन समिति एवं ग्रामीण कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

# तेजाजी के जयकारों से गूंजा कोटड़ी, जाट समाज ने निकाली विशाल शोभायात्रा व वाहन रैली

## पंचेश्वर महादेव से चारभुजानाथ-सर्वेश्वर महादेव तक निकली रैली, गौरवशाली इतिहास की झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र

स्मार्ट हलचल

**कोटड़ी।** तेजाजी महाराज के बलिदान दिवस तेजा दशमी के अवसर पर आम चौखला जाट समाज की ओर से शनिवार को क ोटड़ी में विशाल शोभायात्रा एवं वाहन रैली नीकाली गई। पंचायत समिति परिसर स्थित पंचेश्वर महादेव मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा कस्बे के प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री चारभुजानाथ मंदिर एवं सर्वेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। तेजाजी महाराज के जयकारों से पूरा कस्बा गूंज उठा।शोभायात्रा में जाट समाज के गौरवशाली इतिहास, संस्कृति और परंपराओं को दर्शाती विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। बैंड-बाजों और डीजे की धुन पर समाज के युवा उत्साह के साथ वाहन रैली में शामिल हुए। वहीं पारंपरिक अलगोजा वादन और तेजा गायन ने राजस्थानी लोक संस्कृति की छटा बिखेरी।



**जगह-जगह पुष्पवर्षा से स्वागत**

शोभायात्रा के कस्बे में पहुंचने पर विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। झांकियों एवं वाहन रैली को देखने के लिए सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सोपुरा और चावंडिया से आए समाज के बुजुर्गों ने पारंपरिक तेजा गायन के माध्यम से तेजाजी महाराज के जीवन और बलिदान की गाथा प्रस्तुत की।

**अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी व उपरणा से सम्मान**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डेयरी चेयरमैन रतनलाल चौधरी रहे। राजस्थान मेवाड़ जाट महासभा के प्रदेशाध्यक्ष शंकर कुड़ी, जिला अध्यक्ष देवबक्ष जाट, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश चंद्र गोदारा, शोभाराम तोगड़ा, कन्हैयालाल जाट, भवानीराम नागा, नारायणलाल जाट, भेरूलाल जाट सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। बाहर से आए अतिथियों का मेवाड़ी पगड़ी एवं उपरणा पहनाकर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि रतनलाल चौधरी ने समाज की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रतिभावान विद्यार्थियों और सरकारी सेवाओं में चयनित युवाओं का सम्मान नई पीढ़ी को शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया।

**फिजूलखर्ची रोककर शिक्षा-कारोबार पर ध्यान देने की अपील**

प्रदेशाध्यक्ष शंकर कुड़ी ने सामाजिक आयोजनों में होने वाली फिजूलखर्ची को कम कर शिक्षा, रोजगार और कारोबार पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कोटड़ी में विवाह सम्मेलन आयोजित करने का प्रस्ताव भी रखा। वरिष्ठ समाजसेवी कन्हैयालाल जाट ने समाज की एकजुटता के साथ कोटड़ी में जाट छात्रावास का निर्माण शुरू करने का आह्वान किया। कार्यक्रम का मंच संचालन व्याख्याता शंकरलाल जाट एवं शिक्षक रामकिशन जाट ने किया। आयोजन की व्यवस्थाओं में सुखदेव जाट, कन्हैयालाल जाट, कमलेश जाट, राहुल जाट, अंकित जाट, किशन जाट, संजय जाट सहित समाज के अनेक लोगों ने सहयोग किया।

# 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए अनंत चतुर्दशी पर महाप्रसाद, 100 हलवाई और 70 मजदूर जुटेंगे

## सूचना केंद्र के बाहर तैयार होगा महाप्रसाद, पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग काउंटर से होगा वितरण



स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़** अनंत चतुर्दशी के अवसर पर चित्तौड़गढ़ महोत्सव समिति की ओर से विशाल चल समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसाद तैयार करवाया जाएगा। इसके लिए 100 हलवाई और 70 मजदूरों की टीम व्यवस्था संभालेगी। चित्तौड़गढ़ महोत्सव समिति के बैनर तले आयोजित होने वाले महाप्रसाद कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को खरड़ेश्वर महादेव मंदिर परिसर में समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित हुई। समिति प्रवक्ता रमेश पारीक ने प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि बैठक की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष सुनील ढीलीवाल ने की। उन्होंने अनंत चतुर्दशी के कार्यक्रम की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी दी।

**50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं के लिए तैयार होगा महाप्रसाद**

संस्थापक अध्यक्ष सुनील ढीलीवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी पर सूचना केंद्र के बाहर महाप्रसाद तैयार किया जाएगा। हलवाई राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में 100 हलवाई और 70 मजदूरों की टीम महाप्रसाद तैयार करेगी। महाप्रसाद में आलू-टमाटर, दाना मैथी, पकोड़ी, मिर्ची गट्टे, अचार, नमकीन की सब्जी और पूड़ी सहित विभिन्न व्यंजन तैयार किए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुरुषों और महिलाओं के लिए अलग-अलग काउंटर लगाए जाएंगे।

**भामाशाहों के सहयोग से होता है आयोजन** समिति के अनुसार महाप्रसाद का यह आयोजन प्रतिवर्ष भामाशाहों के सहयोग से किया जाता है। भामाशाह स्वयं आगे आकर तेल, आटा, सब्जी, गैस टंकी सहित विभिन्न आवश्यक सामग्री के लिए सहयोग करते हैं। इस वर्ष जल व्यवस्था राजेश ईनाणी, बर्तन व्यवस्था चंडक बर्तन भंडार, टेंट व्यवस्था मंगलम टेंट तथा माइक व्यवस्था विनायक साउंड की ओर से निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। सब्जियों में प्रयुक्त मसालों के लिए प्रमोद एवं लविश सिसोदिया तथा सब्जी व्यवस्था के लिए संजय जैन की ओर से सहयोग किया जाएगा। भामाशाहों के सहयोग के बाद होने वाले अतिरिक्त व्यय में उमेश अग्रवाल, सांवरिया सेठ, राकेश मालू, शैलेन्द्र सोनी, अर्जुन मुंदड़ा, पंकज डांगी (निम्बाहेड़ा-शम्भूपुरा) और अरविंद ढीलिवाल सहयोग करेंगे।

**सर्व समाज का आयोजन, सहयोग के लिए किया आह्वान**

संस्थापक सुनील ढीलीवाल ने कहा कि यह संपूर्ण कार्यक्रम सर्व समाज का है। इसमें कोई भी व्यक्ति तन, मन और धन से सहयोग करना चाहता है तो उसका स्वागत है। उन्होंने अन्य भामाशाहों से भी आयोजन में सहयोग के लिए आगे आने का आह्वान किया।

**विभिन्न समितियों को सौंपी जिम्मेदारियां**

आयोजन को व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

**भोजन समितिः** रमेश लड्ढा, अनिल गिदवानी, गुड्डू भाई, राजेश न्याति, रमेश पारीक, अशोक छाजेड़, नरेंद्र महात्मा, कैलाश सोनी, अशोक छाजेड़, सत्यनारायण मूंदड़ा, मनोहर शर्मा, गोविंद बजाज, कमलेश सिंघवी, अभय बोहरा, प्रवीण जैन, अशोक लोढ़ा, बसंती लाल मेहता, प्रकाश पोखरणा, नवनीत मोदी, अनिल लड्ढा, राधेश्याम तेली और महेंद्र टोंग्या। भोजन सामग्री वितरण समितिः संजय जैन, अपुल चीपड़, देव शर्मा, अर्पित बोहरा, गोपाल सोलंकी, गोपाल बाहेती, लक्ष्मण छिपा, शैलेंद्र रांका, पंकज चेचाणी, जेपी वंगानी, ललित टेहल्यानी, सुरेंद्र टेलर, सौरभ ढीलिवाल, ऋषि उपाध्याय, विनीत भड़कतिया, कमल तोषनीवाल, जितेंद्र परमार, तरुण छाजेड़, सुंदर जड़िया और छोटू माली।

**जल व्यवस्था समितिः अनिल गिदवानी, गोपाल सोलंकी और राजेश ईनाणी।**

टेंट व पंडाल समितिः अनिल गिदवानी, राजेश न्याति और योगेश सारस्वत।

मजदूर एवं साफ-सफाई समितिः मुकेश नाहटा, मुकेश छाजेड़ और आयुष मेहता।

जनरेटर व लाइट व्यवस्थाः राजेश न्याति और अजय बनवार।

बर्तन व्यवस्था समितिः लक्ष्मण छिपा, दिनेश वैष्णव और मनीष चंडक।

सब्जी व्यवस्थाः संजय जैन।

ईंधन व गैस टंकीः बद्री काबरा और मांगीलाल सुथार।

महिला काउंटरः ATBF महिला टीम की ओर से पूर्णिमा मेहता, वीणा ढीलीवाल, अनामिका चौहान, राखी गुप्ता, मीनाक्षी लड्ढा, सपना जैन, सुरेखा मेहता, सीमा छाजेड़, श्वेता एवं निशिका ढीलिवाल, तारा पारीक, तारा सहलोत, दीपिका छिपा और उषा कुमावत।

**डिस्पोजल व्यवस्थाः अरविंद अजमेरा।**

अन्य व्यवस्थाएंः सुनील ढीलिवाल, उमेश अग्रवाल, रवि अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, कुलदीप सिंह राजपूत, रौनक ढीलिवाल, अमित सोमानी, ओम भंडारी, अभय बोहरा, प्रकाश पोखरना, पंकज उपाध्याय, प्रीतम तनेजा, नेमीचंद भाट, पीके जागेटिया, राजू ओझा, राहुल सोनी, राजू कुमावत आदि।

**प्रचार-प्रसार समितिः** रमेश पारीक।

**माइक व साउंडः** अनिल वैष्णव।

**फ्लैक्स व्यवस्थाः** राकेश सोनया, रामनरेश अग्रवाल और श्याम पुरोहित को जिम्मेदारी दी गई है।

# युगप्रधान आचार्य भगवन् श्री शिव मुनि जी म सा का 85 वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया...



स्मार्ट हलचल

**ओम जैन शंभूपुरा।** सेन्थी शांतिभवन में आचार्य संप्रदाय के युगप्रधान आचार्य भगवन् श्री शिव मुनि जी म सा का 85वां जन्मदिवस श्रद्धा एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर गुणानुवाद सभा का आयोजन किया गया, जिसमें उनके जीवन, साधना एवं आध्यात्मिक योगदान का स्मरण किया गया। सभा में बताया गया कि आचार्य भगवन् श्री का जन्म 18 सितंबर 1942 के रनिया मलोट मंडी में हुआ सूर्य के भांति आपका जन्म हुआ, आपके जन्म से सब और हर्षोल्लास छा गया उनके माता-पिता के रूप में माता विद्यादेवी एवं पिता श्री चिरंजीवी लाल का उल्लेख किया गया। वर्तमान में आचार्य भगवन् सूरत में विराजमान हैं। जैन सिद्धांताचार्य प्रतिभाश्रीजी महाराज साहब को उनके दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। प्रवचन के दौरान साध्वी प्रेक्षाश्रीजी महाराज साहब ने मन, वचन और काया के माध्यम से योग साधना के स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को ध्यान की साधना से जुड़ने तथा आत्मध्यान शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आत्मध्यान के माध्यम से साधक अपने भीतर की आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है। इस अवसर पर तपस्वी रत्ना दीक्षिता श्रीजी महाराज साहब की तपस्या के निमित्त जैन दिवाकर महिला मंडल की ओर से चौबीसी रखी गई। कार्यक्रम में नींबोद से आए मनीष भटेवरा एवं पवन पटवारी, अमरचंद लोढ़ा संपत चपलोद सहित अमयज जन्मदिवस के उपलक्ष में गीति का प्रस्तुत की गई तथा अपने विचार एवं भाषण के माध्यम से आचार्य भगवन् के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भाग लेकर आयोजन को सफल बनाया।

# सीए अर्जुन मूंदड़ा राष्ट्रीय अमित शाह युवा संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार मनोनीत

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** राष्ट्रीय अमित शाह युवा संगठन की ओर से सीए अर्जुन मूंदड़ा को संगठन में राष्ट्रीय सलाहकार के पद पर मनोनीत किया गया है। संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अतुल विश्वकर्मा ने 17 सितंबर 2026 को पत्र जारी कर सीए अर्जुन मूंदड़ा का संगठन में स्वागत करते हुए उनकी सदस्यता एवं नई जिम्मेदारी की जानकारी दी। पत्र में संगठन की ओर से विश्वास जताया गया है कि उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं सक्रिय सहभागिता से संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में सहयोग मिलेगा। सीए अर्जुन मूंदड़ा लंबे समय से व्यावसायिक, सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय रहे हैं। चार्टर्ड अकाउंटेंसी के क्षेत्र में उनके अनुभव तथा विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संस्थाओं से जुड़े कार्यों को देखते हुए संगठन ने उन्हें यह दायित्व सौंपा है। संगठन की ओर से कहा गया कि युवा शक्ति, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्र निर्माण के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में देशभर में संगठनात्मक गतिविधियों को मजबूत करने तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा से जोड़ने में राष्ट्रीय सलाहकार की भूमिका महत्वपूर्ण रहेगी। नवमनोनीत राष्ट्रीय सलाहकार सीए अर्जुन मूंदड़ा ने संगठन द्वारा दिए गए दायित्व के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे सेवा, संगठन एवं राष्ट्र निर्माण की भावना के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करने का प्रयास करेंगे तथा संगठन के उद्देश्यों को देशभर में आगे बढ़ाने के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेंगे।

### आबकारी आयुक्त के निर्देशन में कार्रवाई जारी

# प्रदेश में 67 लाख से अधिक की अंग्रेजी मदिरा जब्त, 208 गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल



**उदयपुर।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध मदिरा निर्माण, भण्डारण, परिवहन एवं विक्रय पर रोकथाम के लिए चल रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, गश्त, रेड की प्रभावी कार्यवाही जारी है। प्रदेश में वॉश, हथकड़ मदिरा सहित अन्य राज्य की मदिरा पर भी कार्रवाई के तहत 67 लाख 80 हजार रूपए से अधिक की अंग्रेजी मदिरा जब्त करते हुए 208 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

**208 गिरफ्तार, 24 वाहन सीज**

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत 18 सितंबर 2026 तक विभिन्न कार्रवाई के तहत 569 अभियोग दर्ज किए गए है। प्रदेश में देशी मदिरा 3 लाख 78 हजार 58 रूपए लागत की 1394 लीटर, भारत निर्मित विदेशी मदिरा 67 लाख 80 हजार 400 रूपए की 6781 लीटर, बीयर 88 हजार 874 रूपए की 408 लीटर, हथकड़ शराब 4459 लीटर एवं स्प्रिट 350 लीटर जब्त किया गया है। इसी क्रम में वॉश एक लाख 68 हजार 6 लीटर नष्ट किया गया है। प्रदेश में अभियान के तहत एक बड़ा वाहन, 3 चार पहिया वाहन, 20 दुपहिया वाहन सहित 24 वाहन जब्त किए है साथ ही अवैध मदिरा से संबंधित 208 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है।

**वॉश व भट्टियां नष्ट**

प्रदेश में आबकारी निरोधक दलों की कार्रवाई के तहत भीलवाड़ा के मांडलगढ़ में 900 लीटर वॉश सहित मदिरा भट्टियां नष्ट की गई। आसींद में 60 लीटर अवैध हथकड़ मदिरा, 33 देशी मदिरा के पव्वे जब्त कर 200 लीटर वॉश नष्ट किया। सिरोही में 24 देशी मदिरा के पव्वे, 10 बोतल बीयर जब्त करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। राजसमंद में 4 अभियोग दर्ज करते हुए 3 मोटरसाइकिल सीज की गई। इसी प्रकार प्रदेश के समस्त जिलों में भी विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत नाकाबंदी, दबिश व सघन गश्त की जा रही है। समस्त अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, आबकारी उपायुक्त, जिला आबकारी अधिकारी, आबकारी निरीक्षक एवं आबकारी निरोधक दल द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है।

# स्व. महेंद्र कपूर की पुण्यतिथि पर पुराने मधुर गीतों से सजेगी यादगार शाम, तैयारियां पूरी

### 26 सितंबर को श्रीनाथ गार्डन में होगा संगीतमय आयोजन, संस्थान के करीब 16 कलाकार देंगे प्रस्तुतियां

स्मार्ट हलचल



**चित्तौड़गढ़** । महान फिल्म पार्श्व गायक स्व. महेंद्र कपूर की पुण्यतिथि की पूर्व संध्या पर स्थानीय आई.पी.एस. मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से आयोजित होने वाली 'सभी महान गायकों के पुराने मधुर गीतों से सजी एक शाम' की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। संस्थान के संस्थापक विजय मलकानी ने बताया कि आगामी शनिवार, 26 सितंबर को शाम 7 बजे स्थानीय श्रीनाथ गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान से जुड़े करीब 16 कलाकार अपने सुमधुर गीतों की प्रस्तुतियां देंगे। कार्यक्रम में संस्थापक विजय मलकानी, सैनिक स्कूल के प्रोफेसर पी.एल. भंडारकर, हिंदुस्तान जिंक के ऑफिसर दीपक सर, प्रदीप ऋषि, गिरिराज गोस्वामी, राजेश व्यास, ओम पुनर, सतीश सेन, जगदीश बैरागी और नवजीत जैन अपनी प्रस्तुतियां देंगे। वहीं गायिकाओं में परवींदर सलूजा, पैनल अधिवक्ता भारती गहलोत, व्याख्याता कल्पना गहलोत, कुलवंत कौर, कृष्णा मैडम एवं ममता राघवम अपनी सुरीली आवाज में पुराने मधुर गीत प्रस्तुत करेंगी।

**अतिथियों की मौजूदगी रहेगी खास**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीए एवं मार्बल व्यवसायी हरीश इनानी होंगे, जबकि अध्यक्षता संस्कार द स्कूल के निदेशक तिलक काबरा करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में राजस्थान किसान मोर्चा भाजपा के प्रदेश संयोजक ईश भारद्वाज, पंडित दीनदयाल मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नीरज चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री कुलदीप राणा, केसरिया प्रोडक्शन के निदेशक गोपाल शर्मा, नामा बैटरीज एवं सोलर पावर के प्रबंधक अश्विनी नामा तथा झूलेलाल रिसोर्ट एवं गार्डन के प्रबंधक रमेश चंद्र चंचलानी शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में सुखद जीवन संस्थान के चेयरमैन एस.डी. वैष्णव, पूर्व आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. योगेश चंद्र व्यास, संस्कार द स्कूल की सह निदेशिका श्रीमती शीतल काबरा, मारुति सेल्स एवं सर्विस के प्रबंधक गोपाल चतुर्वेदी, मार्बल कटर व्यवसायी फूलवनत सिंह सलूजा एवं ऋषि राघवम मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र जोशी होंगे, जबकि कार्यक्रम का संचालन पैनल अधिवक्ता भारती गहलोत करेंगी।

# सभापति चुनाव से पहले भाजपा-आरएलपी पार्षदों की शपथ, प्रमाण-पत्र लेकर पहुंचे 'सुरक्षित ठिकानों' पर

स्मार्ट हलचल / अनिल खींची

**ब्यावर।** नगर परिषद सभापति चुनाव को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। शनिवार को भाजपा के नवनिर्वाचित 20 पार्षद विधायक शंकर सिंह रावत के नेतृत्व में निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। वहीं आरएलपी के चार पार्षद भी जिला संयोजक शहजाद खान, बीएलए राहुल आबासरा एवं रिछपाल चौधरी के नेतृत्व में निर्वाचन कार्यालय पहुंचे। निर्वाचन अधिकारी (आरओ) जयपाल सिंह राठौड़ ने भाजपा और आरएलपी के पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ के बाद निर्वाचन अधिकारी ने पार्षदों को निर्वाचन प्रमाण-पत्र सौंपे। प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के बाद दोनों दलों के पार्षदों को अलग-अलग वाहनों से अज्ञात स्थानों पर ले जाया गया। मतगणना के बाद से ही भाजपा और आरएलपी पार्षदों की बाड़ेबंदी जारी है। भाजपा के तीन पार्षद पूर्व में ही शपथ ले चुके हैं। नगर परिषद में सभापति पद के लिए 21 सितंबर को चुनाव होना है। 60 वार्डों के परिणाम में भाजपा को 23, कांग्रेस को 20, निर्दलीयों को 13 और आरएलपी को चार सीटें मिली हैं। किसी भी दल के पास 31 पार्षदों का बहुमत नहीं है। ऐसे में सभापति चुनाव में निर्दलीय पार्षदों के साथ आरएलपी के चार पार्षदों की भूमिका भी अहम मानी जा रही है। चुनाव से पहले दोनों प्रमुख दलों की गतिविधियों और पार्षदों की बाड़ेबंदी पर राजनीतिक हलकों की नजर बनी हुई है।





# उत्तम शौच धर्म की आराधना, भगवान पुष्पदंत के मोक्ष कल्याणक पर चढ़ाया निर्वाण लाडू

### *जैन मंदिरों में अभिषेक-शांतिधारा, 108 दीपकों से हुई भव्य महाआरती*

स्मार्ट हलचल



**ब्यावर।** दिगंबर जैन समाज के दस दिवसीय दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन उत्तम शौच धर्म की विशेष पूजा-अर्चना के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए। शहर के जैन मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं की भीड़ रही। अभिषेक, शांतिधारा, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक अनुष्ठानों के साथ भगवान पुष्पदंत के मोक्ष कल्याणक पर निर्वाण लाडू अर्पित किया गया। अजमेर रोड स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। रजत कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य विनोद कुमार, मधु, अमित, जागृति एवं प्रशांत जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मंदिर मंत्री संजय गंगवाल ने बताया कि भगवान पुष्पदंतजी के मोक्ष कल्याणक के अवसर पर श्रद्धाभाव से निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर भगवान पार्श्वनाथ, भगवान महावीर एवं भगवान पुष्पदंत के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर अध्यक्ष संजय रावका ने बताया कि श्रद्धालुओं ने उत्साह एवं भक्तिभाव के साथ धार्मिक आयोजनों में भाग लिया।

**लोभ का त्याग कर आत्मा को निर्मल बनाने का संदेश**

श्री दिगंबर जैन पंचायत नसियां में पंडित अरुण कुमार जैन शास्त्री ने तत्त्वार्थ सूत्र का अध्ययन कराया तथा उत्तम शौच धर्म पर प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि उत्तम शौच धर्म केवल बाहरी स्वच्छता का विषय नहीं, बल्कि आत्मा को लोभ रूपी विकार से मुक्त कर निर्मल बनाने की साधना है। उन्होंने कहा कि अत्यधिक लोभ मनुष्य को असंतोष की ओर ले जाता है, जबकि संतोष और समभाव के माध्यम से आत्मिक शुद्धता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से लोभ का त्याग कर संतोष एवं सरलता को जीवन में अपनाने का आह्वान किया।

**108 दीपकों से हुई महाआरती**

दशलक्षण महापर्व के चौथे दिन शाम को शहर के विभिन्न जिनालयों में 108 दीपकों से भव्य महाआरती हुई। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से भगवान की आराधना कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस दौरान शहरभर में धार्मिक एवं भक्तिमय वातावरण बना रहा।

# भगवान पुष्पदंत का मनाया मोक्ष कल्याणक



### दशलक्षण पर्व के तहत जैन मंदिरों में हो रहे धार्मिक कार्यक्रम

स्मार्ट हलचल

**जुरहरा,** जिला डीग रेखचंद्र भारद्वाजः कस्बे के नेमीश्वरधाम सहित चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में शनिवार को भगवान पुष्पदंत का मोक्ष कल्याण मनाया गया तथा चौथे धर्म उत्तम शौच धर्म की पूजा की गई। जुरहरा जैन समाज से विपिन जैन ने बताया कि भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी को जैन धर्म के नवमें तीर्थकंर भगवान पुष्पदंत को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी जिसके उपलक्ष्य में कस्बे के पुन्हाना रोड स्थित नेमीश्वर धाम जैन मंदिर पर भगवान पुष्पदंत की पूजा के साथ निर्वाण कांड का जाप कर निर्वाण लडडू भगवान की प्रतिमा के समक्ष चढाये गये। इसके अलावा इन दिनों चल रहे दशलक्षण पर्व के तहत जैन मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। दोनों मंदिरों में भगवान की शांतिधारा के साथ प्रतिदिन शुरू होने वाले कार्यक्रमों में जिनेन्द्र भगवान का अभिषेक एंव अष्ट द्रव्यों से सामुहिक पूजन की जा रही है। श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में आयोजित हो रहे दशलक्षण विधान में देव-शास्त्र-गुरू, सोलह कारण, पंचमेरू, भगवान चन्द्रप्रभु की पूजनों के अलावा चौथे उत्तम शौच धर्म की पूजा की गई। भगवान की शांतिधारा करने का सौभाग्य नरेन्द्र जैन नेम जैन तथा अजित प्रसाद प्रदीप कुमार जैन को प्राप्त हुआ, विधान पुण्यार्जक परिवार शीलचन्द मुकेश कुमार जैन रहे। देर शाम प्रतिदिन बोलीदाता परिवार के घर से ढोल के साथ आरती के थाल मंदिर ले जाये जाते है जिनसे भगवान की सामुहिक आरती होती है तथा बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एंव धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये जा रहे है। कार्यक्रमों में बडी संख्या में महिला-पुरूष एंव बच्चे शामिल हो रहे है।

### चेक अनादरण के मामले में 1 वर्ष का कारावास, 3.54 लाख रुपए प्रतिकर का आदेश

# घरेलू खर्च और कर्ज अदायगी के लिए लिए 3 लाख रुपए के बदले दिया था चेक, अपर्याप्त राशि के कारण हुआ बाउंस

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़, स्मार्ट हलचल।** विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण की पीठासीन अधिकारी मेघना यादव ने चेक अनादरण के एक मामले में निर्णय सुनाते हुए अभियुक्त को एक वर्ष के कारावास तथा 3 लाख 54 हजार रुपए प्रतिकर से दंडित करने का आदेश दिया है। मामले में परिवादी कन्हैयालाल तेली, निवासी ऐराल, जिला चित्तौड़गढ़ की ओर से अधिवक्ता जयदीप बिल्लु, अधिवक्ता विदुषी बिल्लु, अधिवक्ता मनोज शर्मा एवं अधिवक्ता गुड्डी कुमावत ने अभियुक्त श्यामलाल मीणा, निवासी बावड़ीखेड़ा, जिला चित्तौड़गढ़ के विरुद्ध परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत परिवाद न्यायालय में पेश किया था।

**3 लाख रुपए उधार लेने के बाद दिया चेक**

परिवादी कन्हैयालाल तेली ने न्यायालय में बताया कि अभियुक्त श्यामलाल मीणा ने घरेलू खर्च एवं कर्ज की अदायगी के लिए उनसे 3 लाख रुपए नगद उधार लिए थे। उधार राशि की अदायगी के लिए अभियुक्त ने भारतीय स्टेट बैंक, शाखा चित्तौड़गढ़ का चेक दिया था। बाद में परिवादी ने जब राशि वापस मांगी तो अभियुक्त ने उक्त चेक को बैंक में प्रस्तुत करने के लिए कहा। परिवादी ने चेक अपने बैंक खाते में जमा कराया, लेकिन बैंक की ओर से 'फंड्स इनसफीशिएंट' यानी खाते में पर्याप्त राशि नहीं होने की टिप्पणी के साथ चेक अनादरित होकर वापस हो गया।

**नोटिस के बाद न्यायालय में पेश किया परिवाद**

चेक बाउंस होने के बाद परिवादी की ओर से अधिवक्ता के माध्यम से अभियुक्त को उसके पते पर कानूनी नोटिस भेजा गया। इसके बाद न्यायालय में परिवाद पेश किया गया। सुनवाई के दौरान परिवादी कन्हैयालाल तेली के बयान दर्ज किए गए तथा संबंधित दस्तावेज न्यायालय के समक्ष प्रदर्शित किए गए।

**बचाव में चेक को लेकर नहीं कर सका प्रभावी साबित**

सुनवाई के दौरान परिवादी के अधिवक्ताओं जयदीप बिल्लु, विदुषी बिल्लु एवं मनोज शर्मा ने न्यायालय के समक्ष तर्क प्रस्तुत किया कि चेक अभियुक्त की ओर से ही जारी किया गया था तथा उस पर किए गए हस्ताक्षर भी अभियुक्त के हैं, जिनको लेकर कोई विवाद नहीं है। अधिवक्ताओं ने यह भी तर्क दिया कि चेक के दुरुपयोग को लेकर अभियुक्त की ओर से परिवादी के खिलाफ किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई नहीं की गई। उनके अनुसार अभियुक्त यह साबित करने में भी असफल रहा कि चेक उसके द्वारा जारी नहीं किया गया था।

**न्यायालय ने सुनाई सजा**

मामले में विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट प्रकरण की पीठासीन अधिकारी मेघना यादव ने परिवादी पक्ष की ओर से प्रस्तुत तर्कों को स्वीकार करते हुए परिवाद स्वीकार किया। न्यायालय ने अभियुक्त श्यामलाल मीणा को एक वर्ष के कारावास तथा 3 लाख 54 हजार रुपए प्रतिकर से दंडित करने का आदेश दिया।

# 169 प्रस्तावों के साथ बांसवाड़ा जिला अधिवेशन सम्पन्न, जर्जर स्कूल भवनों और शिक्षकों के रिक्त पदों पर जताया आक्रोश

## गैर-शैक्षणिक कार्यों के आदेश की होली जलाई, स्थानांतरण नीति लागू करने और लंबित पदोन्नतियां शीघ्र करने की मांग

स्मार्ट हलचल

**बांसवाड़ा।** जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र राउमावि मड़कोला मोगजी, आनंदपुरी में आयोजित जिला अधिवेशन के दूसरे दिन विभिन्न शैक्षिक एवं शिक्षक समस्याओं को लेकर 169 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। अधिवेशन में जर्जर एवं असुरक्षित स्कूल भवनों के शीघ्र मरम्मत एवं नवनिर्माण, स्थानांतरण नीति लागू करने, लंबित पदोन्नतियां शीघ्र करने तथा गैर-शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने की मांग प्रमुखता से उठाई गई।

अधिवेशन के दौरान गैर-शैक्षणिक कार्यों के आदेश की होली जलाकर विरोध जताया गया। शिक्षकों ने सरकार से विद्यालयों में गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ कम करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

**1064 कक्षा-कक्षों के तत्काल नवनिर्माण की जरूरत**

जिला अधिवेशन में बताया गया कि बांसवाड़ा जिले में बड़ी संख्या में सरकारी स्कूल भवन जर्जर एवं असुरक्षित स्थिति में हैं। प्रस्ताव के अनुसार जिले में 189 उच्च माध्यमिक विद्यालय, 173 मिडिल स्कूल, 683 राजकीय प्राथमिक विद्यालय तथा 143 आंगनवाड़ी केंद्र अत्यंत जर्जर हालत में हैं।






अधिवेशन में 1064 कक्षा-कक्षों के तत्काल नवनिर्माण की आवश्यकता बताई गई। शिक्षकों ने जर्जर भवनों के कारण विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए शीघ्र निर्माण एवं मरम्मत कार्य शुरू करवाने की मांग की।

**स्थानांतरण और पदोन्नति में देरी पर जताया आक्रोश**

शिक्षकों ने तृतीय वेतन श्रृंखला अध्यापकों सहित सभी संवर्गों के स्थानांतरण की प्रक्रिया शुरू करने और लंबे समय से लंबित पदोन्नतियों को शीघ्र पूरा करने की मांग की। अधिवेशन में पदोन्नति के लिए काउंसलिंग व्यवस्था सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

जिला अध्यक्ष नवीन जोशी ने बताया कि जिले के सरकारी स्कूल भवनों, आंगनवाड़ी केंद्रों, मां-बाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों की जर्जर स्थिति चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि एक ओर विद्यालयों में शिक्षक पद रिक्त हैं, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों को पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं।

**तृतीय श्रेणी शिक्षकों के 76,981 पद रिक्त होने का दावा**

जिला मंत्री महिपाल भुता ने कहा कि पिछले पांच वर्षों से नवक्रमोन्नत विद्यालयों में व्याख्याता, वरिष्ठ अध्यापक तथा अध्यापक एल-1 एवं एल-2 के नए पद सृजित करने की आवश्यकता है। उन्होंने नामांकन वृद्धि के अनुरूप स्टाफिंग पैटर्न के तहत पद सृजित करने की मांग भी रखी।ुले सत्र में वक्ताओं ने कहा कि तृतीय वेतन श्रृंखला के शिक्षक पिछले पांच वर्षों से स्थानांतरण और पदोन्नति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अधिवेशन में राज्यभर में तृतीय श्रेणी शिक्षकों के 76,981 पद रिक्त होने का आंकड़ा प्रस्तुत करते हुए टीएसपी क्षेत्र के लिए अलग भर्ती विज्ञप्ति जारी कर स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग की गई। इसके साथ ही वरिष्ठ अध्यापक एवं द्वितीय श्रेणी शिक्षकों से संबंधित वरिष्ठता और वेतन संबंधी मांगें भी उठाई गईं। वरिष्ठ अध्यापक, व्याख्याता, प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य पदों पर लंबित पदोन्नतियां तत्काल करने की मांग की गई।

**प्रोटेक्शन, रिकवरी और रीट परीक्षा सहित मुद्दों पर चर्चा**

अधिवेशन में पे प्रोटेक्शन, रिकवरी, टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता सहित विभिन्न शैक्षिक एवं सेवा संबंधी समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। शिक्षकों ने इन समस्याओं के समाधान के लिए नीति निर्धारण करने और मांगों को लेकर आंदोलन को आगे बढ़ाने पर जोर दिया। अधिवेशन में पारित मांग पत्र को प्रदेश नेतृत्व के समक्ष प्रस्तुत करने की जिम्मेदारी प्रदेश सभाध्यक्ष ललित आर पाटीदार, अशोक शर्मा एवं नानूराम डामोर को सौंपी गई।

**दो दर्जन से अधिक वक्ताओं ने रखे विचार**

समापन सत्र में बदन लाल डामोर, अनिल व्यास, श्रीपाल जैन, महिपाल भाटिया, डाया लाल यादव, नानूराम डामोर, महिपाल भुता, नवीन जोशी, लोकेश पटेल, लोकेश पंड्या, सतीश जोशी सहित करीब दो दर्जन वक्ताओं ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन लोकेश पटेल ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन सतीश जोशी ने किया।

# आज से सजेगा ब्यावर का ऐतिहासिक वीर तेजा मेला

### तीन दिन धार्मिक, सांस्कृतिक और खेलकूद कार्यक्रमों की रहेगी धूम, खेता खान, गोकुल शर्मा और आकृति मिश्रा देंगे प्रस्तुति

स्मार्ट हलचल/अनिल खींची

**ब्यावर।** ब्यावर का ऐतिहासिक श्री वीर तेजा मेला 20 से 22 सितम्बर तक आयोजित होगा। तीन दिवसीय मेले में धार्मिक आयोजनों के साथ कुश्ती, महिला रस्साकशी, लोकनृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र रहेंगे। मेले को लेकर शहरवासियों एवं श्रद्धालुओं में उत्साह है। मेले का शुभारंभ 20 सितम्बर को सुबह 9:30 बजे सुभाष उद्यान के मुख्य द्वार-1 पर होगा। सुबह 10:30 बजे सुभाष उद्यान एवं पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में गणेश पूजा एवं स्थापना होगी। दोपहर 2 बजे ग्राम सेदरिया में झंडे वालों की नारियल रस्म, शाम 5 बजे कुश्ती प्रतियोगिता तथा शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगा। 21 सितम्बर को दोपहर 12:30 बजे तेजा चौक पर झंडे व नारियल की रस्म होगी। दोपहर 3 बजे सुभाष उद्यान स्थित रात्रि पवेलियन में लोकनृत्य तथा शाम 5 बजे महिला रस्साकशी प्रतियोगिता होगी। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। मेले के अंतिम दिन 22 सितम्बर को शाम 5:30 बजे जल झूलनी एकादशी के अवसर पर रेवाड़ी स्वागत कार्यक्रम होगा। इसके बाद सुभाष उद्यान में सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी।



**सांस्कृतिक संध्याओं में कलाकारों की प्रस्तुति**

मेले की सांस्कृतिक संध्याओं में 20 सितम्बर को राठी पवेलियन, सुभाष उद्यान में अंतरराष्ट्रीय कलाकार खेता खान, 21 सितम्बर को भजन गायक गोकुल शर्मा तथा 22 सितम्बर को भजन गायिका आकृति मिश्रा प्रस्तुति देंगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समय शाम 8 बजे निर्धारित किया गया है। मेले के माध्यम से ब्यावर की धार्मिक आस्था, लोक परंपरा एवं सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी।

### आर्थिक तंगी से परेशान पति-पत्नी ने किया सुसाइड

# बेटी स्कूल से घर पहुंची तो पता चला, पड़ोसी बोले-3 दिन से झगड़ रहे थे

स्मार्ट हलचल

**टोंक** टोंक जिले में आर्थिक तंगी से परशान पति-पत्नी ने सुसाइड कर लिया। दोपहर में करीब पौने एक बजे 13 साल की बेटी स्कूल से घर पहुंची तो कमरे का गेट बंद था। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जवाब नहीं मिला तो बेटी ने पड़ोस में रहने वाले अपने ताऊ को बताया। ताऊ ने कमरे के झरोखे से देखा तो पति फंदे से लटका हुआ था और पत्नी का शव नीचे पड़ा हुआ था। गेट तोड़कर परिजन कमरे में घुसे तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। सूचना पर डीएसपी आशीष प्रजापत और मालपुरा थाना प्रभारी चेनाराम जाट पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। शुरुआती जांच में महिला के गले पर भी खरोंच के निशान मिले हैं।

मामला मालपुरा शहर के पाटौदी मोहल्ले का शनिवार दोपहर का है। मोहल्ले के लोगों ने बताया-मृतक लक्ष्मीनारायण (32) पुत्र हीरालाल और उसकी पत्नी मधु (30) पिछले कुछ दिनों से आपस में झगड़ रहे थे। डीएसपी आशीष प्रजापत ने बताया- लक्ष्मीनारायण बर्तन की दुकान पर काम करता था। तीन भाइयों में सबसे छोटा था। दो बड़े भाई सब्जी का ठेला लगाते हैं। परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटी और एक बेटा है। शनिवार को बच्चे स्कूल गए थे। लक्ष्मीनारायण दुकान पर नहीं गया। वह और उसकी पत्नी घर पर ही थे।

मोहल्ले के लोगों ने पुलिस को बताया कि परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर थी, संभवतः इसी कारण पिछले तीन दिनों से पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद चल रहा था। उनके झगड़ने की आवाज भी सुनाई दे रही थी। परिवार के 5 सदस्य मकान के एक कमरे में रहते थे।

# कल होगा जिला स्तरीय 70वीं विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य आगाज

## महाराव भीमसिंह स्टेडियम में गूंजेगी वॉलीबॉल की रोमांचक टक्कर, कोटा जिले की टीमें लेंगी भाग

स्मार्ट हलचल

**सांगोद।** जिला स्तरीय 70वीं विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता-2026 का भव्य आगाज रविवार को सांगोद के महाराव भीमसिंह स्टेडियम में होगा। प्रतियोगिता का आयोजन जेएलएन संस्कार एकेडमी, सांगोद द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रातः 10 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित होने वाली वॉलीबॉल प्रतियोगिता में कोटा जिले की 18 टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों एवं विद्यालयों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। अब तक 50 से अधिक टीमों/प्रतिभागियों का पंजीकरण हो चुका है। प्रतियोगिता में कोटा जिले के प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमें भी मैदान में अपना दमखम दिखाएंगी। इनमें सोफिया स्कूल और सेंट पॉल स्कूल



जैसे प्रमुख विद्यालयों की टीमें भी शामिल हैं। महाराव भीमसिंह स्टेडियम में होने वाले मुकाबलों में खिलाड़ियों के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। आयोजकों द्वारा प्रतियोगिता को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जेएलएन एजुकेशनल ग्रुप के सचिव डॉ. अशरफ बेग ने कहा कि खेल हमारे जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। खेलकूद विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास, अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यालय स्तर पर ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा को निखारने और आगे बढ़ने का बेहतर अवसर प्रदान करती हैं। वहीं शारीरिक शिक्षक जसवंत सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता की सभी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा चुका है। खिलाड़ियों, टीमों और आयोजन से संबंधित व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक आयोजित किया जाएगा। सांगोद में होने वाले इस खेल आयोजन को लेकर खेलप्रेमियों और विद्यार्थियों में भी उत्साह का माहौल है। रविवार को महाराव भीमसिंह स्टेडियम में जिले की प्रतिभाशाली टीमें वॉलीबॉल के मैदान पर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।

# सेवा सेतु शिविरों में ग्रामीणों के काम हुए मौके पर, 25 तक जारी रहेंगे शिविर




स्मार्ट हलचल

ब्यावर। विकसित भारत-जन सेवा अभियान-2026 के तहत जिले की सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर 19 से 25 सितम्बर तक सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। शनिवार को आयोजित शिविरों में 22 विभागों की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को मौके पर उपलब्ध कराया गया तथा विभिन्न प्रकरणों का त्वरित निस्तारण किया गया। पंचायत समिति जवाजा के राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभा भवन में आयोजित शिविर में व्यक्तिगत शौचालय के 50 प्रकरणों में स्वीकृतियां जारी की गईं। स्वच्छता ही सेवा के तहत 410 गतिविधियां करवाई गईं। प्रधानमंत्री आवास योजना में द्वितीय किश्त के 42 और तृतीय किश्त के 249 लाभार्थियों की स्वीकृतियां जारी की गईं। खाद्य सुरक्षा योजना में 40 पात्र व्यक्तियों के नाम जोड़े गए। राजस्व विभाग ने 58 व्यक्तियों की फार्मर रजिस्ट्री की। इसके अलावा 32 नामांतरण, 12 शुद्धिकरण, 2 एक रास्ता और 3 सीमाज्ञान के प्रकरणों का निस्तारण किया गया। आठ पेंशन सत्यापन भी किए गए। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत 270 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। शिविर स्थल पर एलईडी के माध्यम से 'नमो सेवा' वीडियो का प्रसारण कर ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। ग्रामीणों को तंबाकू मुक्त समाज के निर्माण की शपथ भी दिलाई गई। जिला कलक्टर कमल राम मीना ने बताया कि 25 सितम्बर तक सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर सेवा सेतु शिविर जारी रहेंगे। उन्होंने ग्रामीणों से शिविरों में पहुंचकर पात्रतानुसार सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ लेने की अपील की।

# इच्छाओं के जाल में फंसाता है लोभ, आत्मा की शुद्धि का मार्ग संयम

## पर पदार्थों का संग्रह नहीं देता स्थायी सुख, लोभ आत्मा को करता है अपवित्र

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** मनुष्य जन्म के समय कुछ लेकर नहीं आता और मृत्यु के समय भी संसार की कोई वस्तु साथ नहीं ले जा सकता। इसके बावजूद जीवनभर पर पदार्थों को एकत्र करने की प्रवृत्ति में लगा रहता है। पर पदार्थों से प्राप्त सुख क्षणिक है, जबकि लोभ आत्मा को अपवित्र करने वाली प्रमुख कषाय है। 24 घंटे इच्छाएं मनुष्य से निरंतर कर्म करवाती रहती हैं और इन्हीं इच्छाओं के जाल में मनुष्य लोभ के कारण फंसता चला जाता है। लोभ समाप्त होते ही आत्मा की पवित्रता का मार्ग प्रशस्त होता है। विज्ञाननगर जैन मंदिर महामंत्री अनिल ठौरा ने बताया कि कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप चंबल सिटी की ओर से मुख्य शांति धारा की गई। पारसनाथ भगवान पर शांति धारा का सौभाग्य राजेंद्र पाटनी को प्राप्त हुआ। इसके अलावा प्रवीण जैन, त्रिलोक जैन, जीनेश सेठी, चेतन प्रकाश बंसल, पीके हरसोरा, पारस जैन, अनिल बाकलीवाल, विजय पाटौदी, आशीष जैसवाल, महावीर जैन, अरुण पांडेया, सुनील जैन, आवा मूलचंद जैन, मनोज टौगया, मनोज जैसवाल, विनोद बाहुबली, अनिल ठौरा, इंद्र कुमार जैन, बीरधी चंद जैन, अरविंद ठौरा एवं पदम हरसोरा सहित श्रद्धालुओं ने भी अभिषेक एवं शांति धारा में भाग लिया। मंदिर अध्यक्ष राजमल पाटौदी ने बताया कि पुष्पदंत भगवान के मुख्य कल्याण दिवस के अवसर पर सीताराम जैन एवं मनोरमा बाबरिया द्वारा विधि-विधान और भक्तिभाव के साथ पूजन कराया गया। इस अवसर पर निर्माण कांड का वाचन कर निर्माण मोदक अर्पित किया गया। मोदक चढ़ाने का सौभाग्य श्री अनिल एवं सुनीता ठौरा को प्राप्त हुआ। सायंकाल समेदशिखर की भाव-वंदना कराई गई। इसके बाद सामायिक एवं भक्तिभाव से आरती का आयोजन हुआ। रात्रि में समंती पाठशाला के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित समाजबंधुओं का मन मोह लिया और सभी ने कार्यक्रम की सराहना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री महावीर अजमेरा तथा विशेष अतिथि राजमल पाटौदी, चैतन्य बंसल, राजेंद्र पाटनी, सुनील कासलीवाल, विजय पाटनी एवं कन्हैया लाल जैन उपस्थित रहे। धार्मिक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाजबंधुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर धर्मलाभ लिया।

# बालीथल सहकारी समिति में खाद नहीं मिलने से परेशान किसानों ने तालाबंदी कर किया प्रदर्शन,



### डीएपी व यूरिया की किल्लत के बीच किसानों ने जताया आक्रोश-खाद उपलब्ध कराने की मांग

स्मार्ट हलचल

**टोंक/उनियारा।** उनियारा उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुख्यालय बालीथल में यूरिया व डीएपी खाद की किल्लत से परेशान किसानों ने शनिवार, 19 सितंबर को बालीथल ग्राम सेवा सहकारी समिति पर तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। किसानों ने खाद उपलब्ध नहीं होने को लेकर नाराजगी जताते हुए समिति के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व जीएसएस अध्यक्ष हरिनारायण सैनी, सरपंच प्रशासक लखपत मीणा, दीनदयाल शर्मा सहित अन्य किसानों का आरोप है कि क्षेत्र में डीएपी एवं यूरिया खाद की भारी किल्लत बनी हुई है, जिसके चलते उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने खाद उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन करते हुए चेतावनी दी कि जब तक उन्हें पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं कराया जाएगा, तब तक उनका विरोध जारी रहेगा। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने खाद वितरण व्यवस्था को लेकर अपनी नाराजगी जाहिर की तथा संबंधित विभाग एवं प्रशासन से समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की।किसानों का कहना है कि कृषि कार्य के महत्वपूर्ण समय में खाद नहीं मिलने से उनकी परेशानी बढ़ रही है।

### 54 शोधपत्रों में दिखी विकसित भारत की भौगोलिक तस्वीर

# विकसित भारत 2047 का ब्लूप्रिंट तैयार करने जुटे देशभर के भूगोलवेत्ता

## विकसित भारत के संकल्प के साथ भूगोल को शोध और अकादमिक सहयोग से जोड़ें : बी. पी. सारस्वत

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** राजस्थान भूगोल परिषद के 52वें राष्ट्रीय सम्मेलन का शनिवार को कोटा विश्वविद्यालय के भूगोल विभाग में समापन हुआ। कुलगुरू प्रो. बी.पी.सारस्वत के निर्देशन में आयोजित 17 से 19 सितंबर तक आयोजित तीन दिवसीय सम्मेलन का केंद्रीय विषय 'विकसित भारत 2047: विकसित भारत का ब्लूप्रिंट–एक भौगोलिक दृष्टिकोण' रहा। सम्मेलन में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए भूगोलवेत्ताओं, शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विषय विशेषज्ञों ने विकसित भारत के निर्माण में भौगोलिक दृष्टिकोण, सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्रीय विकास की भूमिका पर विचार-विमर्श किया। अंतिम दिन आयोजित तीन तकनीकी सत्रों में 54 शोधपत्र प्रस्तुत किए गए। इनमें राजस्थान के विभिन्न जिलों से जुड़े भौगोलिक विषयों पर किए गए शोध कार्यों के साथ पर्यावरण, भूजल में बढ़ती फ्लोराइड की मात्रा, सतत विकास, संसाधन प्रबंधन, जनसंख्या, क्षेत्रीय विकास तथा समकालीन भौगोलिक चुनौतियों से जुड़े अध्ययन शामिल रहे। शोधार्थियों और विषय



विशेषज्ञों ने अपने शोध निष्कर्ष साझा किए तथा विभिन्न विषयों पर अकादमिक संवाद हुआ।

**सामान्य सभा में नई कार्यकारिणी का चयन**

सम्मेलन के दौरान राजस्थान भूगोल परिषद की सामान्य सभा आयोजित हुई। इसमें परिषद के अकादमिक एवं संगठनात्मक विषयों पर चर्चा के साथ वार्षिक आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। आजीवन सदस्यों ने आगामी सत्र के लिए नई कार्यकारिणी का चयन किया। अध्यक्ष पद पर प्रो. जय भारत सिंह, प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कालाडेरा तथा उपाध्यक्ष पद पर प्रो. उम्मेद कुमार चौधरी और डॉ. सबीहा खान का चयन किया गया। मुख्य अतिथि जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर के कुलगुरु प्रो. पी. के. शर्मा ने सम्मेलन के विषय और भौगोलिक अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने अरावली से चंबल और थार मरुस्थल तक राजस्थान की भौगोलिक विविधताओं की चर्चा करते हुए प्रदेश के विभिन्न भौगोलिक आयामों को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान का भौगोलिक स्वरूप अत्यंत विविधतापूर्ण है और इसके प्रत्येक क्षेत्र की अपनी विशिष्ट प्राकृतिक, सामाजिक एवं आर्थिक विशेषताएं हैं। ऐसे में प्रदेश के समग्र विकास के लिए क्षेत्रीय भौगोलिक परिस्थितियों को समझना और उनके अनुरूप विकास की रणनीति तैयार करना आवश्यक है। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. बी. पी. सारस्वत ने अध्यक्षीय उद्बोधन में भारत के मूल नाम, उसकी ऐतिहासिक पहचान और भौगोलिक-सांस्कृतिक विरासत के संदर्भ में विचार रखे। उन्होंने 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश की पहचान, उसकी विविधता और सांस्कृतिक विरासत को समझने में भूगोल की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रो. सारस्वत ने राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आयोजकों, प्रतिभागियों और देशभर से आए भूगोलवेत्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन शोध, ज्ञान के आदान-प्रदान और अकादमिक सहयोग को मजबूत करने का माध्यम हैं। उन्होंने भूगोल के क्षेत्र में नवीन शोध, अंतर्विषयक अध्ययन और विश्वविद्यालयों के बीच अकादमिक सहयोग को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया। साथ ही विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के संदर्भ में भौगोलिक अध्ययन और शोध को समाज एवं देश की विकास आवश्यकताओं से जोड़ने की बात कही।

**'भूगोल विकसित भारत के निर्माण का आधार'**

समापन समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद विश्वविद्यालय कुलगीत प्रस्तुत किया गया तथा अतिथियों का स्वागत कर उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किए गए। राजस्थान भूगोल परिषद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रो. जय भारत सिंह ने स्वागत एवं धन्यवाद भाषण दिया। सम्मेलन संयोजक प्रो. जे. पी. शर्मा ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य वक्ता अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के प्रो. शहाब फजल ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य में भूगोल की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने देश के विकास के लिए जीडीपी दर में वृद्धि, गरीबी एवं बेरोजगारी दूर करने और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की आवश्यकता पर विचार रखे। बढ़ती जनसंख्या के प्रभावों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने सतत विकास की अवधारणा पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने आगामी राजस्थान भूगोल परिषद के आयोजन के लिए 'पधारो म्हारे देश' थीम के साथ भूगोलवेत्ताओं एवं विषय विशेषज्ञों को जोधपुर आने का आमंत्रण दिया। उन्होंने औद्योगिक विकास को इस तरह आगे बढ़ाने की आवश्यकता बताई, जिससे मानव के सतत विकास में बाधा उत्पन्न न हो। विशिष्ट अतिथि कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की कुलगुरु प्रो. विमला डूंकवाल ने भूगोल विषय के प्रति युवाओं की बढ़ती रुचि पर प्रकाश डालते हुए मरु, मेरु और माल प्रदेशों के विस्तृत अध्ययन की आवश्यकता बताई। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु प्रो. निमित रंजन चौधरी ने 'विंडो ऑफ अपॉर्च्युनिटी' की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को कम समय में अधिक से अधिक अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

**विकसित भारत के लिए भौगोलिक दृष्टिकोण**

तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन ने भूगोल के क्षेत्र में नवीन शोध, अकादमिक संवाद और सतत विकास की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए मंच प्रदान किया। तकनीकी सत्रों में प्रस्तुत शोधपत्रों और विशेषज्ञों के विचार-विमर्श के माध्यम से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को भौगोलिक दृष्टिकोण से समझने और उसके लिए शोध आधारित आधार तैयार करने पर जोर रहा।

▶ मेधावी विद्यार्थियों को मिली 7400 से अधिक स्कूटी

# मुख्यमंत्री बोले- सपनों के लिए संसाधनों की कमी नहीं होगी

## भोपाल के सुभाष स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मोहन यादव ने बांटी स्कूटी, कहा- शिक्षा का बजट बढ़ाकर 38 हजार करोड़ रुपये किया गया

● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शनिवार को कहा कि आर्थिक परेशानी या संसाधनों की कमी के कारण किसी भी प्रतिभावान विद्यार्थी की पढ़ाई और आगे बढने् की राह में बाधा नहीं आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार विद्यार्थियों को जरूरी संसाधन और बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री भोपाल के सुभाष स्कूल में आयोजित मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान प्रदेश के 7400 से अधिक मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित की गई। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मेधावी विद्यार्थियों से संवाद कर उनके करियर के लक्ष्यों की जानकारी ली।



### मेहनत और प्रतिभा का सम्मान

**मुख्यमंत्री** डॉ. मोहन यादव ने कहा कि स्कूटी केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत और प्रतिभा का सम्मान है। इससे उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज आने-जाने में सुविधा मिलने के साथ ही उनका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि इस योजना का लाभ उन विद्यार्थियों को दिया जाता है, जिन्होंने 12वीं की परीक्षा में पहली बार में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया है।

### बेटियों की शिक्षा से समाज मजबूत

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि बेटियों को शिक्षा और आगे बढ़ने के समान अवसर मिलने से पूरा परिवार और समाज मजबूत होता है। सरकार की ओर से विद्यार्थियों को मुफ्त किताबें, गणवेश (यूनिफॉर्म) और साइकिल जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं ताकि आर्थिक स्थिति पढ़ाई में बाधा न बने। प्रदेश में शिक्षा क्षेत्र में किए जा रहे सुधारों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में स्कूल शिक्षा के लिए 38 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। प्राथमिक स्तर पर पढ़ाई छोडने् (ड्रॉपआउट) वाले बच्चों की दर जो वर्ष 2002-03 में 16 प्रतिशत थी, वह अब घटकर शून्य हो गई है। इसके अलावा राज्य में आधुनिक सुविधाओं से लैस सांदीपनि विद्यालय भी खोले जा रहे हैं।

# सिस्टम नहीं चाहता कि छात्र सवाल पूछें, इसलिए अंधभक्त पैदा कर रहा

## इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में राहुल गांधी बोले- बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्ती में अनियमितता से स्टूडेंट परेशान, 20 हजार से अधिक युवा पहुंचे

● इंदौर

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार देर शाम इंदौर के भारत जोड़ो मैदान (रीजनल पार्क) में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में देश के एजुकेशन मॉडल पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि मौजूदा सिस्टम को छात्रों से खतरा महसूस होता है, क्योंकि छात्र सवाल पूछते हैं। सिस्टम नहीं चाहता कि युवा सवाल करें, इसलिए वह अंधभक्त पैदा करने की कोशिश कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान राहुल गांधी ने करीब 20 हजार से ज्यादा युवाओं को संबोधित करते हुए बेरोजगारी, पेपर लीक और भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं जैसे गंभीर मुद्दों पर सीधा संवाद किया।

राहुल ने आरोप लगाया कि सिस्टम चलाने वाले लोग देश के युवाओं को सवाल न पूछने वाला बनाना चाहते हैं, जबकि उनके अपने बच्चे विदेशों में पढ़ाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर छात्र का बुनियादी अधिकार है। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह प्राथमिक स्तर पर मिड-डे मील से लेकर उच्च शिक्षा और रोजगार तक की पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करे।




### छात्रा बोलीं- हर तरफ फर्जीवाड़ा

**राहुल** गांधी ने एक छात्रा से पूछा कि जो सिस्टम यूनिवर्सिटीज और कॉलेजों को प्रोटेक्ट करने के लिए बना है, वही सिस्टम स्टूडेंट्स पर आक्रमण कर रहा है। इसके बारे में आप क्या सोचती हैं? इस पर छात्रा ने कहा कि यूनिवर्सिटीज बिल्कुल कोऑपरेट नहीं कर पा रही हैं। हर तरफ फर्जीवाड़ा चल रहा है। कहीं भी ट्रांसपेरेंसी नहीं है। हम चाहते हैं कि जो समस्याएं आपके सामने लेकर आए हैं, उनका अच्छा समाधान मिले और हमारी सारी समस्याएं दूर हों।

### छात्र ने राहुल के सामने कहा- मप्र में 8 साल से 13 प्रतिशत पद होल्ड

**संवाद** के दौरान मध्य प्रदेश के एक एमबीबीएस छात्र ने राज्य की भर्ती प्रक्रियाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले आठ वर्षों से सरकारी भर्तियों में 13 प्रतिशत पद होल्ड रखे जा रहे हैं। चयन प्रक्रिया के सभी चरण पूरे होने के बावजूद परिणाम रोक दिए जाते हैं, जिससे करीब 4 लाख अभ्यर्थी प्रभावित हैं।

### इंदौर का जताया आभार

**इंदौर** में राहुल गांधी ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि आपने मेरा जिस तरह स्वागत किया उसके लिए धन्यवाद... मैं इंदौर आकर बहुत खुश हूं... कोटा, देहरादून, प्रयागराज और पुणे के बाद अब इंदौर के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में उमड़ी भीड़ देख अभिभूत हुए राहुल ने कहा कि इंदौर में हमने तय किया है कि आज का विषय सिस्टम बनाम स्टूडेंट्स होगा। राहुल गांधी ने कहा कि परीक्षाओं के दौरान कुछ अभ्यर्थियों से भी गलतियां हुई हैं, लेकिन कहीं न कहीं उनका सिस्टम से भरोसा उठ गया... इस पर छात्रों की ओर से आवाज आई - सर! हम सिस्टम से ही हार गए। उधर, राहुल ने अंधभक्त का मतलब भी बताते हुए कहा कि अंधभक्त एंटी स्टूडेंट होते हैं, जहा स्टूडेंट मोहब्बत की बात करता है वहां अंधभक्त नफरत फैलाता है, नफरत से बात करते हैं... जहां स्टूडेंट ईमानदार होता है वहां अंधभक्त ईमानदार नहीं होता है।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की बड़ी भूमिका

## पीएम मोदी ने रोजगार मेले में 51 हजार से अधिक युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र



**देशभर में 45 स्थानों पर हुआ आयोजन, अब तक 12.75 लाख युवाओं को दिए जा चुके हैं सरकारी सेवा के नियुक्ति पत्र**

● नई दिल्ली / आरएनएन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 20वें रोजगार मेला कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में चयनित 51 हजार से अधिक नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर देश भर में 45 स्थानों पर रोजगार मेलों का आयोजन किया गया।

नवनियुक्त कर्मियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में त्योहारी सीजन के बीच आज हजारों परिवारों के जीवन में नई खुशियां आई हैं। युवा ऐसे महत्वपूर्ण समय में सरकारी सेवा का हिस्सा बन रहे हैं, जब देश वर्ष 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के संकल्प की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में देश की विकास दर 7.8 प्रतिशत दर्ज की गई है, जबकि निवेश में करीब 12 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत की प्रतिभा ने पूरी दुनिया का विश्वास जीता है।

# आगर मालवा में उफनते नाले में बही कार, 8 लोगों की गई जान

## मां बगलामुखी के दर्शन कर लौट रहा था ओडिशा का परिवार

**पीएम मोदी ने जताया शोक, शवों को एयरलिफ्ट कराएगी ओडिशा सरकार**



● आगर मालवा / आरएनएन

मध्य प्रदेश के आगर मालवा जिले के नलखेड़ा में शनिवार तडक़े एक दर्दनाक सडक़ हादसे में कार सवार आठ लोगों की डूबने से मौत हो गई। मृतकों में ओडिशा के भुवनेश्वर के एक ही परिवार के सात सदस्य और उनका कार ड्राइवर शामिल हैं।

यह हादसा प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर के दर्शन कर लौटते समय बरसाती नाले के तेज बहाव में कार के बह जाने से हुआ। मृतकों में तीन बच्चे, दो महिलाएं और तीन पुरुष शामिल हैं। पुलिस और प्रशासन के अनुसार, क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 3.7 इंच की भारी बारिश दर्ज की गई, जिससे मंदिर के पास स्थित पुलिया पर पानी का तेज बहाव था। हादसा देर रात करीब 1.30 से 3.00 बजे के बीच हुआ।

### सीएम ने जताया दुख, मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की सहायता

**हादसे** पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शोक जताते हुए मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहयोग देने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नलखेड़ा में सडक़ हादसे में जनहानि का समाचार अत्यंत दुखद है। ओडिशा से धार्मिक यात्रा पर मध्यप्रदेश आए श्रद्धालुओं के निधन पर उन्होंने परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने दिवंगतों की आत्मा की शांति और शोकाकुल परिवारों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

# मानसून की विदाई शुरू

## इस बार देश में 15% कम बरसा पानी

● नई दिल्ली / आरएनएन

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार, शनिवार (19 सितंबर) से पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों से दक्षिण-पश्चिम मानसून की वापसी शुरू हो गई है।

मानसून वापसी की सामान्य तिथि 17 सितंबर है। मौसम विभाग ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राजस्थान के बाकी हिस्सों सहित पंजाब, सौराष्ट्र और कच्छ के क्षेत्रों से भी मानसून की वापसी के लिए परिस्थितियां अनुकूल हैं। इस वर्ष 4 जून को केरल में दस्तक देने के बाद मानसून ने 9 जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लिया था। हालांकि, मानसूनी सीजन में देश में औसत बारिश सामान्य से कम दर्ज की गई है।



### देशभर में बारिश का आंकड़ा

- आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, 4 जून से 19 सितंबर के बीच देश में कुल 15 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई है। सबसे अधिक प्रभावित दक्षिणी प्रायद्वीपीय क्षेत्र रहा है, जहां वर्षा में 29 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।
- **जून:** सामान्य औसत 165 मिमी के मुकाबले केवल 106.8 मिमी बारिश हुई, जो 35 प्रतिशत की कमी दर्शाती है।
- **जुलाई:** यह इस सीजन का एकमात्र ऐसा महीना रहा, जिसमें सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। 280.5 मिमी के औसत के मुकाबले देश में 283.3 मिमी वर्षा हुई।
- **अगस्त:** अगस्त महीने में केवल 213.3 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो वर्ष 2001 के बाद से सातवां सबसे कम अगस्त बारिश का आंकड़ा है।

# ई-केवाईसी नहीं तो सिलेंडर पर नहीं मिलेगी सब्सिडी

**नई दिल्ली, आरएनएन।** घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) ग्राहकों के लिए 1 अक्टूबर 2026 से नया नियम लागू होने जा रहा है। सरकार के नए निर्देशों के अनुसार, सब्सिडी वाले सिलेंडर की बुकिंग जारी रखने के लिए ग्राहकों को बायोमेट्रिक आधार ऑथेंटिकेशन कराना अनिवार्य होगा। पेट्रोलियम एवं

### नया नियम 1 अक्टूबर से होगा लागू...

प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक, इस कदम का मुख्य उद्देश्य सब्सिडी का दुरुपयोग रोकना, कमर्शियल इस्तेमाल पर लगाम लगाना और फर्जी या डुप्लिकेट कनेक्शनों को खत्म करना है। प्रेस इन्फॉर्मेशन ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 19 सितंबर तक देश के लगभग 27.43 करोड़ सक्रिय घरेलू एलपीजी ग्राहक (कुल ग्राहकों का 89.9 प्रतिशत) बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन करा चुके हैं। ऐसे ग्राहकों को कोई अतिरिक्त कदम उठाने की जरूरत नहीं है, उनकी रिफिल बुकिंग बिना किसी रुकावट के चलती रहेगी।

# साइबर टेस्ट में भटका गूगल का जेमिनी एआई

## तीन असली कंपनियों के सिस्टम में लगाई सेंध...

● नई दिल्ली / आरएनएन




गूगल के सबसे एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मॉडल जेमिनी ने साइबर सुरक्षा परीक्षण के दौरान अपनी तय सीमाओं से बाहर निकलकर तीन वास्तविक कंपनियों के सिस्टम में अनधिकृत पहुंच बना ली। गूगल ने पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि उसके एआई मॉडल द्वारा इस तरह की सुरक्षा चूक हुई है। यह घटना मई 2026 में आयोजित एक कैप्चर-द-फ्लैग साइबर-सुरक्षा परीक्षण के दौरान हुई, जिसे इस्राइली एआई-सिक्योरिटी फर्म इररेगुलर आयोजित कर रही थी। परीक्षण के दौरान एआई एजेंटों को केवल एक बंद और सीमित माहौल में काम करना था। हालांकि, सिस्टम में बग (तकनीकी खराबी) और मानवीय भूल के कारण अनजाने में इंटरनेट कनेक्टिविटी चालू रह गई।

**उद्घाटन** 45 देशों और ओसीए रिफ्यूजी टीम के 46 दलों ने परेड में लिया हिस्सा

# एशियन गेम्स का जापान में रंगारंग आगाज

● नागोया

एशियन गेम्स 2026 का शनिवार को जापान के मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में रंगारंग और हाईटेक उद्घाटन समारोह के साथ आगाज हुआ। जापान के सम्राट नारुहितो ने महारानी मासाको, शाही परिवार के सदस्यों, ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी और इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी (आईओसी) की अध्यक्ष कर्स्टी कोवेंट्री की मौजूदगी में खेलों के शुरू होने की घोषणा की।



करीब दो घंटे चले समारोह की शुरुआत जापान के राष्ट्रगान से हुई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। जापान की सेल्फ डिफेंस फोर्स के नौ सदस्यों ने ध्वज को मंच तक पहुंचाया। स्टेडियम की लाइटें बंद होने के बाद स्पॉटलाइट से जापान के राष्ट्रीय ध्वज को रोशन किया गया। हाईटेक और रंगारंग समारोह के बीच स्टेडियम में कई सीटें खाली नजर आईं। सामान्य तौर पर उद्घाटन समारोह में दिखने वाली भीड़ और धूमधाम भी अपेक्षाकृत कम नजर आई। खाली स्टैंड ने दर्शकों का ध्यान खींचा। भारत का 501 सदस्यीय दल एशियन गेम्स में हिस्सा ले रहा है। टीम इंडिया की नजर 2023 के हांगझोऊ एशियन गेम्स से बेहतर प्रदर्शन पर है।

### मनु और पवन ने संभाला तिरंगा

**इसके** बाद 45 देशों और ओसीए रिफ्यूजी टीम के एथलीटों की परेड हुई। कुल 46 दलों ने इसमें हिस्सा लिया। अफगानिस्तान ने सबसे पहले परेड में प्रवेश किया, जबकि चीन 800 से अधिक खिलाडिय़ों के दल के साथ आकर्षण का केंद्र रहा। भारत की ओर से दो बार की पेरिस ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और हांगझोऊ एशियन गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता कबड्डी खिलाड़ी पवन सहरावत ने तिरंगा थामा। दोनों पारंपरिक नेवी ब्लू पोशाक में भारतीय दल का नेतृत्व करते नजर आए। पवन सहरावत को अंतिम समय में ताजिंदरपाल सिंह तूर की जगह ध्वजवाहक बनाया गया। समारोह के लिए जरूरी आधिकारिक किट समय पर नहीं मिलने के कारण तूर इसमें हिस्सा नहीं ले सके।

# 1965 युद्ध के महानायक फ्लाइट लेफ्टिनेंट नहीं रहे

## अल्फ्रेड टाइरोन कुक ने अकेले 4 पाक सेबर जेट्स से भिड़कर रचा था इतिहास

● नई दिल्ली / आरएनएन



1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में अदम्य साहस और युद्ध कला का अद्वितीय परिचय देने वाले पूर्व फ्लाइट लेफ्टिनेंट अल्फ्रेड टाइरोन (एटी) कुक का शुक्रवार को नई दिल्ली स्थित बेस अस्पताल में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे। भारतीय वायुसेना ने शनिवार को एक्स के जरिए उनके निधन की जानकारी देते हुए इस वीर योद्धा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। 7 सितंबर 1965 को पाकिस्तान वायुसेना ने पश्चिम बंगाल के खडग़पुर स्थित कालाइकुंडा एयरबेस पर अचानक हवाई हमला किया था। दूसरे चरण के हमले को नाकाम करने के लिए भारतीय वायुसेना की 14वें स्क्वाड्रन (द बुल्स) के फ्लाइट लेफ्टिनेंट एटी कुक और फ्लाइंग ऑफिसर सुबोध चंद्र मामगेन अपने हंटर विमानों के साथ मोर्चे पर तैनात हुए।

# भारत-अफगानिस्तान 'द फ्रेंडशिप कप' पर रोहन जेटली ने जताया उत्साह, कहा- क्रिकेट ने दोनों देशों को करीब लाने में निभाई अहम भूमिका

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने भारत और अफगानिस्तान के बीच खेली गई 'द फ्रेंडशिप कप' टी-20 श्रृंखला के सफल आयोजन पर खुशी जताई है। उन्होंने भारत को तीन मैचों की श्रृंखला में 3-0 से जीत की बधाई देते हुए कहा कि यह श्रृंखला क्रिकेट के शानदार उत्सव के साथ-साथ दोनों देशों के बीच मजबूत रिश्तों की भी अभिव्यक्ति बनी। रोहन जेटली ने कहा, "भारतीय टीम को अफगानिस्तान के खिलाफ यादगार 3-0 की श्रृंखला जीत के लिए बधाई। 'द फ्रेंडशिप कप' क्रिकेट का शानदार उत्सव रहा। अरुण जेटली स्टेडियम में तीनों मैचों के दौरान 85 हजार से अधिक दर्शकों की भारी मौजूदगी देखकर बेहद खुशी हुई। अफगानिस्तान से भी हजारों प्रशंसक इस अवसर का हिस्सा बनने के



लिए दिल्ली पहुंचे। पूरी श्रृंखला के दौरान स्टेडियम में नजर आया शानदार माहौल दिल्ली में क्रिकेट के प्रति लोगों के जुनून को दर्शाता है।" उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ अपनी घरेलू श्रृंखला दिल्ली में खेलना दोनों देशों के बीच मजबूत संबंधों और लोगों को करीब लाने में खेल की भूमिका का बेहतरीन उदाहरण रहा। उन्होंने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पड़ोसी देशों के साथ मजबूत संबंधों के दृष्टिकोण के अनुरूप भी बताया। डीडीसीए अध्यक्ष ने कहा, "हम अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और आईसीसी अध्यक्ष जय शाह के सहयोग और प्रयासों के लिए आभारी हैं, जिनकी वजह से यह श्रृंखला संभव हो सकी और दिल्ली को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इस यादगार अध्याय का हिस्सा बनने का अवसर मिला।" उन्होंने कहा, "हमें गर्व है कि डीडीसीए और दिल्ली भारत तथा अफगानिस्तान के बीच तीन रोमांचक मुकाबलों की मेजबानी में अपनी भूमिका निभा सके। इससे प्रशंसकों को दोनों टीमों के बीच शानदार और उच्च स्तर का क्रिकेट देखने का अवसर मिला।"

## न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम के कोच बेन सॉयर का चार साल बाद कार्यकाल समाप्त

**एजेंसी, वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड क्रिकेट ने महिला टीम की मुख्य कोच बेन सॉयर के अनुबंध को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है। चार साल तक टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले सॉयर का कार्यकाल दिसंबर 2026 तक था, लेकिन महिला क्रिकेट की उच्च प्रदर्शन संरचना की व्यापक समीक्षा के बाद न्यूजीलैंड क्रिकेट ने बदलाव का निर्णय लिया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के अनुसार, समीक्षा में महिला टीम के लिए एक नई 'परफॉर्मेंस लीड' भूमिका की जरूरत सामने आई है। इसके अलावा, रैचल पेटिट के पास मौजूद मैनेजर का पद भी



समाप्त कर दिया गया है। अगले महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए अंतरिम मुख्य कोच और टीम मैनेजर टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। स्थायी मुख्य कोच और परफॉर्मेंस लीड के पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए न्यूजीलैंड की टीम की घोषणा अक्टूबर की शुरुआत में की जाएगी। सॉयर ने जून 2022 में न्यूजीलैंड महिला टीम की जिम्मेदारी संभाली थी। उनके कार्यकाल में टीम ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीता और सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में 2024 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप का ऐतिहासिक खिताब अपने नाम किया। जॉर्जिया प्लिमर, ईडन कार्सन और इज्जी गेज जैसी युवा खिलाड़ियों ने भी सॉयर के कार्यकाल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई और विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा बनीं। सॉयर ने न्यूज़ीलैंड क्रिकेट के हवाले से कहा, "व्हाइट फर्न्स की कोचिंग करना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान रहा और मैं इस टीम का नेतृत्व करने का अवसर मिलने के लिए बेहद आभारी हूं। यह टीम मेरे लिए बहुत मायने रखती है और मुझे पिछले चार वर्षों में हमने जो हासिल किया, उस पर बेहद गर्व है। हालांकि टीम से अलग होने को लेकर मैं निराश हूं, लेकिन मैं टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देता हूं।" न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य हाई परफॉर्मेंस क्रिकेट अधिकारी डेरिल गिब्सन ने सॉयर के योगदान की सराहना करते हुए कहा, "बेन ने व्हाइट फर्न्स के लिए बदलाव और प्रगति के महत्वपूर्ण दौर का नेतृत्व किया।

## डॉसन और बेंटन के दम पर इंग्लैंड ने दूसरे टी20 में श्रीलंका को छह विकेट से हराया

**एजेंसी, कार्डिफ**

लियाम डॉसन और टॉम बेंटन के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंग्लैंड ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में गुरुवार देर रात श्रीलंका को छह विकेट से हरा दिया। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका ने आक्रामक शुरुआत की। पाथुम निसांका ने जोफ्रा आर्चर के पहले ही ओवर में तीन चौके जड़ दिए, जबकि लाहिरू उदारा ने भी बाद में तेजी पकड़ी। श्रीलंका ने पांचवें



ओवर के आधे पड़ाव तक 50 रन पूरे कर लिए। इंग्लैंड के कप्तान ने पावरप्ले के अंतिम ओवर में लियाम डॉसन को गेंद सौंपी और बाएं हाथ के स्पिनर ने लगातार दो गेंदों पर विकेट लेकर श्रीलंका की रफ्तार पर अंकुश लगा दिया। निसांका 37 रन बनाकर जेमी ओवरटन का शिकार बने। ओवरटन ने इसके बाद कामिंदु मेंडिस को बोल्ड किया, जबकि डॉसन ने दासुन शनाका को आउट कर श्रीलंका की मुश्किलें बढ़ा दीं। कप्तान चरिथ असलंका और वानिंदु हसरंगा ने 44 रन की साझेदारी कर श्रीलंका की पारी को संभाला। डॉसन के अंतिम ओवर में 18 रन आए, जिससे श्रीलंका ने 170 के आसपास पहुंचने की उम्मीद जगाई। हालांकि अंतिम तीन ओवरों में इंग्लैंड के गेंदबाजों ने शानदार वापसी की। हैरी ब्रूक का आदिल राशिद को गेंद सौंपने का फैसला कारगर रहा और राशिद ने असलंका को आउट कर दिया।

## शतरंज ओलंपियाडः भारत ने इंडोनेशिया को 2.5-1.5 से हराया, महिला टीम ने फिनलैंड को दी मात

**एजेंसी, समरकंद** । शतरंज ओलंपियाड के दूसरे दौर में गुरुवार को भारत ने ओपन और महिला दोनों वर्गों में जीत दर्ज की। ओपन वर्ग में भारत को इंडोनेशिया के खिलाफ 2.5-1.5 की जीत के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी, जबकि महिला टीम ने फिनलैंड को 3.5-0.5 से हराकर आसान जीत दर्ज की। पहले दौर में आराम दिए जाने के बाद वापसी कर रहे आर. प्रज्ञानानंद ने शीर्ष बोर्ड पर काले मोहरों से इंडोनेशिया के सुशांतो मेगारांतो के खिलाफ लंबा मुकाबला खेला। खेल एंडगेम तक पहुंचा और 79 चालों के बाद दोनों खिलाड़ियों ने ड्रॉ पर सहमति जताई। निहाल सरीन ने भारत को पहली सफलता दिलाई। सफेद मोहरों से आईएम आरिफ अब्दुल हाफिज के खिलाफ खेलते हुए निहाल ने धीरे-धीरे दबाव बढ़ाया और अंतिम चरण में सामरिक बढ़त हासिल कर ली। हाफिज ने 37.एनसी5+ के बाद बाजी छोड़ दी। यह ओलंपियाड में निहाल की लगातार दूसरी जीत रही। डी. गुकेश को काले मोहरों से आईएम सात्रिया दुटा चहाया के खिलाफ जीत का रास्ता नहीं मिला। स्थिति सरल होने के बाद गुकेश ने लगातार क्वीन चेक के जरिए मुकाबला बराबर रखा और 51.क्यूडी1+ के बाद ड्रॉ हुआ। विदित गुजराती और आईएम नायका बुधिधर्मा के बीच मुकाबला भी बराबरी पर समाप्त हुआ।

## एशियाई खेलः मनु भाकर और तजिंदरपाल सिंह तूर होंगे उद्घाटन समारोह में भारत के ध्वजवाहक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जापान के आइची-नागोया में शनिवार को होने वाले एशियाई खेलों के उद्घाटन समारोह में निशानेबाज मनु भाकर और गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर भारत के ध्वजवाहक होंगे। एशियाई खेलों के 20वें संस्करण में 500 से अधिक भारतीय खिलाड़ी 37 खेलों में हिस्सा लेंगे। प्रतियोगिता का समापन 4 अक्टूबर को होगा। भारत के शेफ-डी-मिशन सहदेव यादव ने एक बयान में कहा, "मनु भाकर ध्वजवाहकों में से एक होंगी।" इसके बाद भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने तजिंदरपाल सिंह तूर को दूसरा





ध्वजवाहक बनाए जाने की पुष्टि की। 24 वर्षीय मनु भाकर दो बार की ओलंपिक पदक विजेता हैं। वह जापान में 10 मीटर एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धाओं में हिस्सा लेंगी। 31 वर्षीय तजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीतने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। उन्होंने 2018 जकार्ता और 2023 हांगझोउ एशियाई खेलों में गोला फेंक में स्वर्ण पदक जीता था। पिछले संस्करण में भारत ने चीन के हांगझोउ में कुल 106 पदक जीते थे, जिसमें 28 स्वर्ण पदक शामिल थे।

# बिजनेस

## स्टॉक मार्केट में जबरदस्त गिरावट के साथ पंचत्व भारत की एंट्री, जबरदस्त नुकसान में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

डेनिम फैब्रिक का उत्पादन और थोक वितरण का काम करने वाली कंपनी पंचत्व भारत लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने कमजोर एंट्री करके अपने आईपीओ निवेशकों को झटका दे दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 7.89 प्रतिशत डिस्काउंट के साथ 128.95 रुपये के स्तर पर हुई। कमजोर लिस्टिंग के बाद बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से ये शेयर और गिरता चला गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये शेयर कुछ देर में ही गिर कर 122.55 रुपये के लोअर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में लोअर सर्किट लगने के कारण कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 17.45 रुपये यानी 12.46 प्रतिशत का नुकसान हो गया। आईपीओ के तहत 1,000 शेयर का एक लॉट बनाया गया है। इस तरह से आज पहले दिन ही आईपीओ निवेशकों को प्रति लॉट 17,450 रुपये तक



का नुकसान हो गया। इस कंपनी का 24.58 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से फीका रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 1.40 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में सिर्फ 0.39 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। जबकि रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 2.41 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 10 रुपये फेस वैल्यू वाले कुल 17.56 लाख शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ में शेयरों की बिक्री के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी पुराने कर्ज के बोझ को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। पंचत्व भारत की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 2.02 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 2.83 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 4.03 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 39.31 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 48.99 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 56.87 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 7.66 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 7.74 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ उछल कर 14.18 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। इस अवधि में कंपनी के नेटवर्थ में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का नेटवर्थ 3.39 करोड़ रुपये के स्तर पर था। इसी तरह 2024-25 में कंपनी का नेटवर्थ बढ़ कर 9.05 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। वहीं पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में ये उछल कर 12.62 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## रक्सन ट्रांसफॉर्मर्स की स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री

### शुरुआती गिरावट के बाद लिवाली के सपोर्ट मजबूत हुए शेयर

**एजेंसी, नई दिल्ली** । इलेक्ट्रिक ट्रांसफॉर्मर बनाने वाली कंपनी रक्सन ट्रांसफॉर्मर्स लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में फ्लैट एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को शुरुआती झटका दे दिया। हालांकि, लिस्टिंग के बाद खरीदारी का सपोर्ट मिलने पर यह शेयर मुनाफे की स्थिति में आ गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 273 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग बिना किसी उतार चढाव के 273 रुपये के स्तर पर ही हुई।

फ्लैट लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर लुढ़क कर 261.30 रुपये के स्तर तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी। लिवाली के सपोर्ट से ये शेयर कुछ देर में ही रिकवरी कर हरे निशान में पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच दोपहर 1:30 बजे तक का कारोबार होने के बाद ये शेयर 285.90 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

## ओम गैलेक्सी ने आईपीओ निवेशकों को किया निराश, सांकेतिक बढ़त के साथ एंट्री के बाद शेयर के भाव में आई गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाइप फिटिंग, इंडस्ट्रियल मोल्ड और ऑटोमोटिव मोल्ड बनाने वाली कंपनी ओम गैलेक्सी लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट ने सांकेतिक बढ़त के साथ एंट्री की। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 90 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर इसकी लिस्टिंग 0.22 प्रतिशत के सांकेतिक प्रीमियम के साथ 90.20 रुपये के स्तर पर हुई। लगभग सपाट स्तर पर हुई इस लिस्टिंग के बाद बिकवाली के दबाव में ये शेयर लुढ़क कर 85.75 रुपये के स्तर तक आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिसके कारण कंपनी के शेयरों के भाव में सुधार होने लगा। दोपहर 1:45 बजे तक का कारोबार होने के बाद कंपनी के शेयर 90 रुपये के स्तर पर बने हुए थे। इस तरह अभी तक के कारोबार में कंपनी के आईपीओ निवेशकों कोई न तो कोई नुकसान था और न ही कोई फायदा। कंपनी का 105 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से एवरेज रिस्पॉन्स मिला था,




जिसके कारण ये ओवरऑल 1.84 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 2.93 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 1.07 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन सिर्फ 0.61 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इस आईपीओ के तहत 5 रुपये फेस वैल्यू वाले 1,16,67,200 नए शेयर जारी किए गए हैं। आईपीओ के जरिये जुटाए गए पैसे का इस्तेमाल कंपनी अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट सेटअप करने, पुराने कर्ज को कम करने, वर्किंग कैपिटल की जरूरतों को पूरा करने, आईपीओ से जुड़े खर्चों की भरपाई करने और आम कॉरपोरेट उद्देश्यों में करेगी। ओम गैलेक्सी की वित्तीय स्थिति की बात करें, तो कैपिटल मार्केट रेगुलेटर सेबी के पास जमा कराए गए रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (आरएचपी) में किए गए दावे के मुताबिक इसकी वित्तीय सेहत लगातार मजबूत हुई है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी को 12.04 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 15.92 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 16.64 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ हुआ था। इस दौरान कंपनी की राजस्व प्राप्ति में भी बढ़ोतरी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में इसे 105.12 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त हुआ, जो वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़ कर 113.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी को 124.68 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ था। इस अवधि में कंपनी पर लदे कर्ज के बोझ में उतार चढ़ाव होता रहा। वित्त वर्ष 2023-24 के अंत में कंपनी पर 32.07 करोड़ रुपये के कर्ज का बोझ था, जो अगले वित्त वर्ष 2024-25 में घट कर 25.13 करोड़ रुपये के स्तर पर आ गया। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 की बात करें, तो इस दौरान कंपनी पर लदे कर्ज का बोझ उछल कर 37.79 करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गया।

## स्टॉक मार्केट में प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लुढ़के वीगालैंड डेवलपर्स के शेयर, लोअर सर्किट के बावजूद मुनाफे में आईपीओ निवेशक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केरल की प्रमुख रियल एस्टेट कंपनी वीगालैंड डेवलपर्स लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में मजबूती के साथ एंट्री की। हालांकि लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली शुरू हो जाने के कारण थोड़ी देर में ही इस शेयर पर लोअर सर्किट लग गया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 140 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई पर इसकी लिस्टिंग 7.86 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 151 रुपये के स्तर पर और एनएसई पर इसकी लिस्टिंग 10 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 154 रुपये के स्तर पर हुई। लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में बिकवाली शुरू



हो गई, जिसकी वजह से इस शेयर की चाल में गिरावट आ गई। लगातार हो रही बिकवाली के कारण थोड़ी देर में ही ये शेयर गिरकर बीएसई पर 143.45 रुपये और एनएसई पर 146.30 रुपये के लोअर सर्किट लेवल पर पहुंच गया। इस तरह प्रीमियम लिस्टिंग होने के बावजूद कंपनी के आईपीओ निवेशकों के मुनाफे में गिरावट आ गई। इस तरह अभी तक के कारोबार के बाद कंपनी के आईपीओ निवेशक प्रति शेयर अधिकतम 6.30 रुपये यानी 4.50 प्रतिशत के फायदे में थे। इस कंपनी का 210 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 14.60 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 19.13 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 19.41 गुना सब्सक्रिप्शन आया था।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी के भाव में लगातार पांचवें दिन बदलाव नहीं

**एजेंसी, नई दिल्ली** । घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना आज 570 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 620 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। वहीं, चांदी के भाव में आज लगातार पांचवें दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। ये चमकीली धातु आज भी शुरुआती कारोबार के दौरान सोमवार के स्तर पर ही कारोबार कर रही है। कीमत में हुए इस बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,52,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,40,090 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,44,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,52,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,40,240 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

## स्टॉक मार्केट में महाराजा एंड स्पीडेक्स इंडिया की धमाकेदार शुरुआत, प्रीमियम लिस्टिंग के बाद लगा अपर सर्किट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

स्पीडेक्स ब्रैंड नेम से स्टेनलेस स्टील की सिंगल वॉल बोतल, डबल वॉल वैक्यूम इंसूलेटेड बोतल और अन्य स्टेनलेस स्टील उत्पाद बनाने वाली कंपनी महाराजा एंड स्पीडेक्स इंडिया लिमिटेड के शेयरों ने आज स्टॉक मार्केट में जबरदस्त मजबूती के साथ एंट्री कर अपने आईपीओ निवेशकों को खुश कर दिया। आईपीओ के तहत कंपनी के शेयर 186 रुपये के भाव पर जारी किए गए थे। आज बीएसई के एसएमई प्लेटफॉर्म पर पर इसकी लिस्टिंग 34.40 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 250 रुपये के स्तर पर हुई। जोरदार लिस्टिंग के बाद मुनाफा वसूली के चक्कर में हुई




बिकवाली की वजह से ये शेयल गिर कर 240 रुपये के स्तर पर आ गया। इसके बाद खरीदारों ने लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस शेयर की स्थिति में सुधार होने लगा। लगातार हो रही खरीदीरी के सपोर्ट से ये शेयर उछल कर 262.50 रुपये के अपर सर्किट लेवल तक पहुंच गया। इस तरह पहले दिन के कारोबार में ही कंपनी के आईपीओ निवेशकों को प्रति शेयर 76.50 रुपये यानी 41.13 प्रतिशत का फायदा हो गया। इस कंपनी का 80.13 करोड़ रुपये का आईपीओ 10 से 15 सितंबर के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खुला था। इस आईपीओ को निवेशकों की ओर से अच्छा रिस्पॉन्स मिला था, जिसके कारण ये ओवरऑल 23.06 गुना सब्सक्राइब हो सका था। इनमें क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (क्यूआईबी) के लिए रिजर्व पोर्शन 20.51 गुना सब्सक्राइब हुआ था। इसी तरह नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (एनआईआई) के लिए रिजर्व पोर्शन में 39.53 गुना सब्सक्रिप्शन आया था। इसके अलावा रिटेल इन्वेस्टर्स के लिए रिजर्व पोर्शन 19.65 गुना सब्सक्राइब हुआ था।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com